चूंकि श्री हनुमान प्रसाद बलाई, निवासी मंदिर परिसर रणसिंह महाराज रणसी धाम ट्रस्ट, ग्राम नरैणा तहसील फूलेरा जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत रणसी धाम ट्रस्ट, ग्राम नरैणा, तहसील फूलेरा, जिला जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.03.2022

मोहर अदालत
**सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग जयपुर**

# जिला उपभोक्ता आयोग को हटाने के लिए सीएम को शिकायत भेजी

**जयपुर**। अभिभाषक परिषद, बूंदी ने जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार माहेश्वरी पर आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मुख्य सचिव और राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग सहित अन्य को पत्र भेजा है।पत्र में कहा गया कि अध्यक्ष रविन्द्र कुमार माहेश्वरी की कार्य प्रणाली हाईकोर्ट की कोविड अधिसूचना के खिलाफ है। बूंदी में फैल रहे कोविड संक्रमण और हाईकोर्ट के ऑफ लाइन कार्य नहीं करने के निर्देश के बावजूद अध्यक्ष वकीलों को ऑफ लाइन काम करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

# रीट पेपर लीक का मास्टमाइंड भजनलाल गुजरात से गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। एसओजी ने रीट पेपर लीक मामले में मास्टर माइंड भजनलाल विश्नोई को गुजरात से गिरफ्तार किया है। टीम गुरुवार को आरोपी को लेकर जयपुर पहुंची। बत्तीलाल समेत 20 आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान भजनलाल का नाम सामने आया था, तभी से एसओजी उसे ढूंढ़ रही थी। भजनलाल से पूछताछ में रीट पेपर लीक से जुड़े कई खुलासे होने की भी संभावना है। पुलिस के मुताबिक भजनलाल ने रीट का पेपर 30 से 40 लाख रुपए में अभ्यर्थियों को बेचा था। एसओजी की टीम पिछले 4 महीने से भजनलाल की तलाश में जुटी थी। इंस्पेक्टर मोहनलाल पोसवाल लगातार राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, गुजरात व उत्तरप्रदेश में दबिश दे रहे थे। इस बीच एसओजी को भजनाल के गुजरात में होने की सूचना मिली। टीम गुजरात पहुंची और भजनलाल को गिरफ्तार कर लिया। भजनलाल विश्नोई जालोर के रानोदर, चितलावना का रहने वाला है।

गौरतलब है कि इसके बाद बत्तीलाल मीणा और पृथ्वीराज मीणा ने सवाईमाधोपुर और गंगापुरसिटी में कई अभ्यर्थियों को 10 से 12 लाख रुपये लेकर रीट का पेपर बेचा था।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि भजन लाल तीन साल पहले भी कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट बनकर बैठा था। इस दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। इतना ही नहीं भजनलाल फर्जी डिग्रियों का भी मास्टर माइंड है।

# निदेशक शपथ पत्र पेश कर बताए, क्यों नहीं हटाए अपात्र सफाई कर्मचारी?

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने केकडी नगर पालिका में अदालती आदेश के बावजूद अपात्र सफाई कर्मचारियों को नहीं हटाने के मामले में नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने स्थानीय निकाय निदेशक और केकड़ी नगर पालिका के तत्कालीन व मौजूदा अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है।

अदालत ने मामले में अवमानना की कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए स्थानीय निकाय निदेशक से पूछा है कि लापरवाही के लिए दोषी अधिशासी अधिकारी पर क्या कार्रवाई की गई है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश रोहित कुमार की अवमानना याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि मामले में जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया निदंनीय रहा है।

ऐसे में स्थानीय निकाय निदेशक मामले को गंभीरता से लेते हुए अदालती आदेश की पालना नहीं होने के कारणों का पता लगाए और इस संबंध में शपथ पत्र पेश कर अदालत को अवगत कराए। अवमानना याचिका में कहा गया कि 19 सितंबर 2019 को हाईकोर्ट ने केकडी नगर पालिका को अपात्र व गलत दस्तावेज से चयनित सफाई कर्मियों की नियुक्ति रद्द करने के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक उसकी पालना नहीं की गई है। ऐसे में अवमानना कर्ता दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाए।

- **केकड़ी नगर पालिका में अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई**

वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नियुक्ति में अनियमितता के कारण करीब 60 अभ्यर्थी प्रभावित हुए थे। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अपात्र अभ्यर्थियों को हटा दिया गया, लेकिन कुछ अभ्यर्थियों को अदालती रोक के चलते हटाया नहीं जा सका।

## खोया पाया

मैं प्रताप सिंह खंगारोत पुत्र श्री समुन्द्र सिंह मेरा मकान नं. 83/107, प्रताप नगर सांगानेर, जिसका अलॉटमेंट लेटर 5295 खो गया है। मिले तो संपर्क करें-9829081358

मेरे आवास संख्या 4/एच/271, इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर का मूल उपहार पत्र (Gift Deed) कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो. 9982218485

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
**क्रमांक:13455 जाहिर आम-सूचना दिनांक:03.01.2022**

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 232/46 (MIG-B) का आवंटन श्री भैरूलाल सेठी पुत्र स्व. श्री गणेश लाल सेठी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1735 दिनांक 30.06.2009 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 24.02.2010 को उप पंजीयक चौमूं जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री भैरूलाल सेठी की मृत्यु दिनांक 23.10.2013 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री कैलाश चंद सेठी पुत्र स्व. श्री भैरूलाल सेठी द्वारा आवासन मण्डल मे वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री कैलाश चंद सेठी पुत्र स्व. श्री भैरूलाल सेठी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

भवदीय,
सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य प्रियांक विजय पुत्र राधेश्याम विजयवर्गीय व आशा विजय पत्नी राधेश्याम विजयवर्गीय, निवासी 5/373, एस.एफ.एस. अग्रवाल फार्म, मानसरोवर जयपुर द्वारा प्लाट संख्या 64, जय जवान गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की स्कीम नं. 3 जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर स्थित सम्पत्ति को उक्त सम्पत्ति के स्वामी श्री देवेन्द्र देव सिन्हा पुत्र हर्ष देव सिन्हा व अमित सिन्हा पुत्र देवेन्द्र देव सिन्हा जरिये मुख्यारआम देवेन्द्र देव सिन्हा से खरीद कर रहे है। मेरे अभिभाष्य उक्त सम्पति को एच.डी.एफ.सी.लि. में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहते है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद/बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर संपर्क करें। बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़)
दिनांक-20.01.2022 एडवोकेट, मो.नं. 9829256466

## समन विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए


(आदेश 5 के नियम 1 और 5 भारतीय व्यवहारिक प्रक्रिया)

**न्यायालय बअदालत अपर जिला न्यायाधीश सं. 4, बीकानेर**
न्यायालय श्री रामवतार सोनी (आर.एच.जे.एस.)
वादी डॉ. रिशाल सिंह प्रतिवादी जगमाल सिंह वगैराह वादी........
वादसंख्या-सीओ/134/19

प्रेषिति-
श्री लक्ष्मण सिंह राठौड पुत्र श्री उदयसिंह राठौड जाति राठौड निवासी सी-26, वैशाली मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर ..... ने आपके विरुद्ध .... के लिए वाद स्थापित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 21.2.22 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने का समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये हो और जो इस वादे से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है। कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें। और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज ता. 10.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत
न्यायालय की आज्ञा से अपर जिला एवं समन न्यायाधीश सं. 4 बीकानेर (राज.)


## नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## तीये की बैठक



अत्यन्त ही दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्री चंदा देवी** का स्वर्गवास 19.1.22 को हो गया। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 21.1.22 को सायं 3.00 से 4.00 बजे तक निवास स्थान-57, जमुना डेयरी, अजमेर रोड, सोडाला, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** (पति)-मोहनलाल टाँक, (जेठ)-रामेश्वर जी आँक, बंसीजी टाँक, (देवर)-बुद्धप्रकाशजी टाँक, (पुत्र), नंदलाल जी, राधेश्याम जी, सतीश जी, महेन्द्र जी एवं समस्त टाँक परिवार।

# महिला अधिवक्ता की मौत की जांच अति. पुलिस अधीक्षक से कराओ

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष सोनल तनेजा की अलवर में संदिग्ध अवस्था में मौत के मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच कराने के आदेश दिए हैं। अदालत ने याचिकाकर्ता को इस संबंध में अलवर एसपी को अपना अभ्यावेदन देने को कहा है। अदालत ने कहा है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मामले की जांच दो माह में पूरी करें और एसपी मामले की मॉनिटरिंग करें। जस्टिस फरजंद अली ने यह आदेश डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के महासचिव गजराज सिंह की आपराधिक याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष सोनल तनेजा का शव अलवर में संदिग्ध अवस्था में मिला था। घटना को लेकर गत 29 जून को एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले में मृतक के आत्महत्या करने की बात की जा रही है, लेकिन अब तक मामले की जांच पूरी नहीं हुई है। वहीं सरकारी वकील ने कहा कि मामले में हर पहलू पर जांच की जा रही है।

# प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना संक्रमण के 681 और मामले बढ़े

## राज्य में गुरूवार को 14 हजार 79 नए संक्रमित मिले हैं, इससे पहले बुधवार को 13 हजार 398 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में लगातार करोना संक्रमण के मामलों में भारी वृद्धि हो रही है। गुरूवार को राज्य में 681 और मामले बढ़ने के साथ ही 14 हजार 79 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि राजधानी जयपुर में इनकी संख्या में कुछ कमी आई है। वहीं राज्य में 10 हजार से ज्यादा मरीज ठीक भी हुए हैं। इस बीच प्रदेश में करोना से 13 और लोगों की मौत हो गई है।

प्रदेश में करोना संक्रमण का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इसके चलते राज्य में गुरूवार को 14 हजार 79 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले बुधवार को 13 हजार 398 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 391 मामले कम आने के साथ ही 2919 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि अलवर में थोड़ी और वृद्धि के बाद 1410 नए मरीज पाए गए हैं। इसके अलावा जोधपुर में 851, भरतपुर में 841, उदयपुर में 810, कोटा में 716, अजमेर में 570, चित्तौड़गढ़ में 512, बीकानेर में 464, गंगानगर में 390, हनुमानगढ़ में 378, पाली में 364, सीकर में 362, बाड़मेर में 353, भीलवाड़ा में 293, डूंगरपुर में 292, सवाईमाधोपुर में 261, टोंक में 201, चूरू में 199, प्रतापगढ़ में 198, बांसवाड़ा में 187, जैसलमेर में 185, झालावाड़ में 176, नागौर में 173, राजसमंद में 170, झुंझुनूं में 161, दौसा में 157, सिरोही और बारां में 118-118, करौली में 114, बूंदी में 64, धौलपुर में 60 और जालौर में 12 नए संक्रमित सामने आए हैं।

प्रदेश में करोना से मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। गुरूवार को भी राज्य में इससे 13 लोगों की जान चली गई। इनमें बीकानेर, जयपुर और कोटा में 2-2 तथा बाड़मेर, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर, नागौर और राजसमंद में 1-1 संक्रमित की मौत हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9044 लोगों की मौत हो चुकी है।

इधर राहत की बात यह है कि राज्य में करोना से रिकवरी में लगातार सुधार हो रहा है। इसके चलते पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश में 10 हजार 528 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9 लाख 96 हजार 940 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में अभी भी 78 हजार 99 एक्टिव केस मौजूद है।

इनमें सबसे ज्यादा 20 हजार 90 मरीज जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा अलवर में 7300, जोधपुर में 5384, उदयपुर में 4730, भरतपुर में 3588, कोटा में 3094, बीकानेर में 2907, अजमेर में 2795, पाली में 2750, बाड़मेर में 2544, चित्तौड़गढ़ में 2041, भीलवाड़ा में 1999, हनुमानगढ़ में 1891, सीकर 1666, सवाईमाधोपुर में 1616, गंगानगर में 1464, डूंगरपुर में 1061, प्रतापगढ़ में 1062 और चूरू में 1049 तथा शेष जिलों में इससे कम सक्रिय मरीज हैं।

- **हालाकि, इस बीच राजधानी जयपुर में थोड़ी कमी के बाद 2919 नए संक्रमित मिले हैं।**
- **राज्य में गुरूवार को करोना से 13 और संक्रमितों की मौत हो गई है।**
- **राहत की बात यह है कि पिछले चौबीस घंटों में साढ़े 10 हजार मरीज ठीक हुए हैं।**

**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी**

**आवश्यक सूचना** मूलतः आवास संख्या 2/69 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी श्री जे. कालरा को आवंटन पत्रांक 2502 दिनांक 05.10.1993 के द्वारा आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त आवास को बेचान उपरान्त मण्डल द्वारा अन्तिम क्रेता श्री सतेन्द्र कुमार सिंह के पक्ष में नियमितिकरण एवं आदेय प्रमाण पत्र संख्या354 दिनांक 18.02.2003 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा उक्त आवास की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में दिनांक 07.08.2004 को उप पंजियक भिवाडी में पंजिकृत करवाई जा चुकी है। इनके द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 04.08.2008 के पंजीकृत बयनामा द्वारा श्री जोगेन्द्र सिंह पुत्र श्री विरेन्द्र सिंह को किया गया। मण्डल द्वारा श्री जोगेन्द्र सिंह के पक्ष में लीज हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 2636 दिनांक 14.12.2009 को जारी किया जा चुका है। श्री जोगेन्द्र सिंह द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 27.12.2021 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्री हरसुखमल एवं श्री सुनिल कुमार पुत्र श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल को संयुक्त नाम से किया गया है। श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं श्री सुनिल कुमार द्वारा संयुक्त नाम से आवास का लीज डीड परिवर्तन करने के लिए प्रपत्र एवं प्रशासनिक शुल्क उच्च आय वर्ग एक बार विक्रय का राशि रूपये 20000.00 जमा हो चुके है व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उक्त मकान का लीज स्थानान्तरण उनके पक्ष में किया जावें। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 2/69 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी के संबंध में किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्री हरसुखमल एवं श्री सुनिल कुमार पुत्र श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल के पक्ष में मकान संख्या 2/69 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी जिला अलवर के लीज स्थानान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

## लोकायुक्त सचिवालय, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक-1(7)लोआस/1986/पार्ट/ दिनांक-20.01.2022

**विज्ञप्ति**

इस सचिवालय हेतु सीधी भर्ती से दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती की जानी है। पदों का विवरण, भर्ती प्रक्रिया, आवेदन पत्र का प्रारूप आदि इस सचिवालय की वेबसाईट http://lokayukta.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। ऑफलाइन आवेदन (Offline Application) दिनांक 04.02.2022 सायं 6.00 बजे तक भिजवाये जा सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु उक्त वेबसाईट पर भर्ती विज्ञापन देखें।

सचिव

# लोहामंडी योजना में 35 बीघा भूमि की 22 वर्ष पहले 90बी हुई थी, लोग अभी तक पट्टे की खातिर तरस रहे

## दूसरी तरफ 130 बीघा जमीन का 250 करोड़ रुपये मुआवजा उठा चुके काश्तकारों ने अब इस जमीन को खुद की बताकर संभागीय आयुक्त के पास अपील कर 90बी को चुनौती दी

**जयपुर**। सीकर रोड पर स्थित लोहामंडी योजना की जमीन का 250 करोड़ का मुआवजा उठाने के बाद अब काश्तकारों की निगाहें 90बी शुदा 35 बीघा जमीन पर खराब हो चुकी है। उन्होंने 22 साल पहले हुए 90बी के फैसले को अब संभागीय आयुक्त के यहां अपील दायर कर चुनौती दी है। जेडीए भी काश्तकारों को एक तरफा समर्थन करते हुए 90बी शुदा जमीन के भूखंडधारियों को मुआवजा और आवंटन पत्र नहीं दे रहा है।

सूत्रों के मुताबिक इस मामले में सुरेन्द्र कुमार वर्मा व अन्य ने यह कहते हुए संभागीय आयुक्त के यहां अपील की है कि 22 साल पहले जेडीए ने 16 अक्टूबर 1999 को उनकी 35 बीघा जमीन की 90 बी कर दी थी। इसमें 22 साल पूर्व के विलंब को क्षमा करते हुए इस जमीन का मालिकाना हक खुद का बताया है। साथ ही इस जेडीए के 90बी के फैसले को गलत बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग की गई है। इस जमीन को काश्तकारोंने इकरारनामा के जरिए मोती भवन गृह निर्माण सहकारी समिति को बेच दिया था। इसके आधार पर जेडीए ने उनकी आपत्ति को खारिज कर दिया था।

**■ ताज्जुब की बात यह है कि जेडीए प्रशासन भी काश्तकारों को एकतरफा समर्थन करते हुए 90बी शुदा जमीन के भूखंडधारियों को मुआवजा और आवंटन पत्र नहीं दे रहा**

सूत्रों की मानें तो जेडीए ने यह जमीन 2002 से लेकर 2003 तक अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कर अवाप्त कर ली थी। इसे मोती भवन गृह निर्माण सहकारी समिति व अन्य ने हाईकोर्ट में यह कहते हुए चुनौती दी थी कि इस जमीन पर 4 एस बी ब्लॉक के नाम से आवासीय योजना बस चुकी है। हाईकोर्ट ने अवाप्ति को सही ठहराते हुए समिति की याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद लोहामंडी की जमीन के मुआवजे के लिए लगे शिविर में जेडीए उपायुक्त अशोक कुमार योगी ने इनकी आपत्तियां खारिज कर दी थी। इस फैसले को काश्तकारों ने संभागीय आयुक्त के यहां चुनौती दी।

90बी शुदा जमीन के भूखंडधारियों का कहना है कि काश्तकारों को लगातार जेडीए प्रशासन से फेवर मिल रहा है। संभागीय आयुक्त के यहां 90बी के फैसले को चुनौती मिलने के बाद जेडीए के जोन उपायुक्त-6 अशोक कुमार योगी ने भूखंडधारियों को मुआवजा देने के सारे काम रोक दिए हैं। उनका कहना है कि काश्तकारों को मिल रहे फेवर के कारण अगर भूखंडधारियों के हित किसी भी प्रकार प्रभावित होते हैं तो इसके लिए जोन उपायुक्त ही जिम्मेदार होंगे।

### 'दो दशक पूर्व काश्तकार थे सोसायटी संचालक'

इस बीच मोतीभवन गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रबंधक सुरेश चौधरी ने आरोप लगाया है कि दो दशक पहले सोसायटी के संचालक एसपी वर्मा और उनके पाचों पुत्र कुलदीप, राजीव व अन्य थे।

चौधरी का कहना है कि इन्हीं ने करीब 400 भूखंडधारियों से पैसे लेकर उन्हें सोसायटी के पट्टे दिए, अब ये इनकार कर रहे हैं। सदस्यों की सूची, व अन्य कागजात भी इन्हीं के पास थे, जो बाद में मुआवजा लेने की खातिर खुर्द-बुर्द कर दिए। इन्होंने ही सोसायटी के साथ मिल कर सुप्रीमकोर्ट में एसएलपी दायर कर रखी है जो अभी तक विचाराधीन है।

### 'मैंने उच्चाधिकारियों के निर्देश की पालना की'

जेडीए जोन उपायुक्त 6 अशोक कुमार योगी का कहना है कि मैंने काश्तकारों की 90 बी के फैसले को चुनौती देने वाली काश्तकारों की आपत्तियां खारिज कर दी है। इस फैसले को उन्होंने संभागीय आयुक्त के यहां चुनौती दी है। फैसले को चैलेंज किया जा सकता है।

उपायुक्त अशोक योगी का कहना है कि जहां तक बात स्कीम के भूखंडधारियों को आवंटन पत्र देने या लॉटरी निकालने की तो उच्चाधिकारियों से इसके लिए 90 बी को चेलेंज करने के कारण आवंटन या मुआवजा का काम रोक दिया गया है। इसके लिए उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा गया है।

# लोहामंड़ी के विकास पर 19 करोड़ रु. खर्च करेगा जेडीए

**जयपुर** (कासं)। सीकर रोड पर करीब 135 बीघा की स्कीम लोहामंडी के विकास पर जेडीए प्रशासन 19 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

आयुक्त गौरव गोयल ने बताया कि वर्तमान में लोहामण्डी शहर के मध्य चांदपोल क्षेत्र के पास स्थित है जो कि काफी भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है। इससे वाहनों के आवागमन में असुविधा रहती है। लोहामण्डी को शहर से बाहर विकसित किये जाने से स्थानीय निवासियों व व्यवसायियों दोनों को लाभ होगा तथा यातायात भी सुगम होगा। जयपुर विकास प्राधिकरण की लोहामण्डी योजना माचेडा में विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे हैं।

जेडीए की लोहामण्डी योजना माचेडा सीकर रोड और बैनाड रोड के मध्य स्थित है जो कि 135.39 हैक्टेयर में सृजित है। लोहामण्डी योजना में 1174 व्यवसायिक भूखण्ड एवं 962 रहवासीय भूखण्ड है। योजना में भूखण्डों का डिमार्केशन, सुविधा क्षेत्र में कम ऊँचाई की परिधि वॉल, योजना की सम्पर्क सड़क का सुदृढीकरण, मुख्य सड़को का 3.90 कि.मी. लम्बाई में डामरीकरण व आन्तरिक सड़कों का 54.17 कि.मी. समतुल्य लम्बाई में जीएसबी द्वारा निर्माण कार्य पर राशि रुपये 19.81 रोड़ व्यय करते हुये कार्य सितम्बर, 2022 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। योजना का 18.30 प्रतिशत रहवासीय, 28.15 व्यवसायिक रखा गया है, कुल क्षेत्रफल का 52.77 प्रतिशत सुविधा हेतु यथा रोड पार्क, आमजन के लिए रखा गया है साथ ही 47.03 प्रतिशत क्षेत्र में व्यवसाय के लिए रखा गया है।

# जयपुर में करोना से दो और लोगों की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

**■ टोंक रोड और वैशाली नगर में सर्वाधिक 99-99 नए संक्रमित मिले**

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में गुरूवार को भी करोना संक्रमण से दो और लोगों की मौत हुई है। वहीं 2919 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा टोंक रोड और वैशाली नगर में 99-99 नए मरीज पाए गए हैं। हालाकि इस बीच साढ़े तीन हजार से ज्यादा संक्रमित ठीक हुए हैं।

राजधानी जयपुर में गुरूवार को 102 इलाकों में नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक वैशाली नगर और टोंक रोड इलाके में 99-99 नए संक्रमित सामने आए हैं। इसके अलावा गोविंदगढ़ में 98, सोडाला में 95, आमेर में 91, प्रतापनगर में 90, मालवीय नगर में 87, झोटवाड़ा में 85, दुर्गापुरा में 83, जगतपुरा में 82, मानसरोवर में 78, शास्त्री नगर में 77, एयरपोर्ट में 74, जवाहर नगर में 72, सांगानेर में 71, किरण पथ में 67, विद्याधर नगर में 62, पत्रकार कॉलोनी में 59, गोपालपुरा में 58 और अजमेर रोड इलाके में 50 नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच 5 रोगी ऐसे है जिन्होंने जांच करवाते समय अपना नाम और पता सही नहीं लिखवाया।

जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 3656 मरीज रिकवर भी हुए हैं। हालाकि अभी 20 हजार 90 एक्टिव केस मौजूद हैं। राजधानी में गुरूवार को करोना से 2 और मरीजों की मौत हो गई। इसके साथ ही इस बीमारी अब तक जिले में 1995 लोगों की मौत हो चुकी है।

# हनीट्रैप रचने वाले ब्लैकमेलर दंपति व बिचौलिया गिरफ्तार

**जयपुर**। एक पिता ने हनीट्रैप के शिकार हुए अपने बेटे को बचाने की खातिर खुद ही ट्रैप रचा और ब्लैकमेलर पति-पत्नी सहित बिचौलिए को गुरुवार को चांदपोल मेट्रो स्टेशन के पास नकदी लेते रंगे हाथों पुलिस को पकड़वा दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाधिकारी सफीक खान ने बताया गिरफ्तार प्रिया शर्मा (37) और इसका पति विवेक शर्मा (38) मकान संख्या-78, लुहार गली, बूंदी और बिचौलिया शिव राम मीणा (65) नया गांव, महवा जिला दौसा के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से 3 लाख की नकदी सहित 15 लाख रूपए का चेक बरामद किया है। पुलिस के अनुसार नया गांव निवासी हिमांशु अलवर जिले में किस महकमे में एलडीसी पद पर तैनात है। अक्टूबर से पहले वह बूंदी में तैनात था और आरोपित महिला का पडौसी था। पीड़ित की यहीं से जान पहचान हुई। उसका आरोप है कि महिला प्रिया शर्मा ने नजदीकी बढ़ाकर उससे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और पांच बार में उससे लाखों रूपए हड़पे। तंग हिमांशु ने मोबाइल बंद कर लिया तो प्रिया उसके गांव ही पहुंच गई।

पुलिस के अनुसार प्रिया से निजात पाने के लिए पीड़ित हिमांशु ने अपने पिता को आपबीती सुनाई, जिसके बाद गांव में कुछ लोगों की मौजूदगी में प्रिया से मीटिंग की, बिचौलिया शिवराम भी पीड़ित की तरफ से मौजूद था। आरोपित महिला प्रिया द्वारा 20 लाख रूपए की मांग की गई। सौदा 18 लाख में तय हुआ। बिचौलिया शिवराम लालच के चलते प्रिया के चंगुल में फंस गया और हनीट्रैप में उसका साथ दिया। पीड़ित के पिता सवाई मानसिंह अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के इंचार्ज है। हनीट्रैप के शिकार बेटे को बचाने और इज्जत की खातिर खुद ने ट्रैप रचा। उसने पुलिस को घटना के बारे में बताया। जनाना अस्पताल में अपने परिचितों से 3 लाख रूपए एकत्रित किए और 15 लाख रूपए का चेक भरा। प्रिया ने हिमांशु के पिता को रेल्वे स्टेशन के पास बुलाया, लेकिन पीड़ित के पिता ने जनाना अस्पताल के पास बुलाकर उनको पुलिस के हाथ सौंप दिया।

# पॉलिसीक्यू को मिला इंश्योरेंस ब्रोकर लाइसेंस

**जयपुर**। पॉलिसीक्यू इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने आईआरडीएआई से डायरेक्ट इंश्योरेंस ब्रोकर लाइसेंस प्राप्त करने के बाद अपना संचालन शुरु कर दिया है। पॉलिसीक्यू सभी प्रकार के बीमा के लिए वन स्टॉप शॉप प्रदान करके लोगों के जीवन को सरल बनाने की योजना बना रहा है, चाहे वह स्वास्थ्य जीवन और मोटर बीमा हो।

पॉलिसीक्यू के सीईओ संजय वत्स ने कहा कि नवीन बीमा प्लेटफार्म की मदद से पॉलिसीक्यू का उद्देश्य बीमा खरीदने की प्रक्रिया आसान बनाना है। पॉलिसीक्यू के पास विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञों की एक अनुभवी और अच्छी तरह से प्रशिक्षित टीम है, जिसमें अंडर राइटिंग, दावा समर्थन, आईटी एक बहु विषयक वातावरण बनाने के लिए शामिल है जो अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में मदद करेगा। पॉलिसीक्यू की कोर टीम में पेशेवर लोग शामिल हैं जिनके पास 100 से अधिक वर्षों का सामूहिक बीमा उद्योग अनुभव है।

# पावरग्रिड संवारेगा दिल्ली की हरदयाल म्युनिसिपल हैरिटेज पब्लिक लाइब्रेरी

**जयपुर**। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने नई दिल्ली की हरदयाल म्युनिसिपल हैरिटेज पब्लिक लाइब्रेरी (एचएमएचपीएल) से सीएसआर समझौता किया है। ताकि फर्नीचर, उपकरण, किताबों की आपूर्ति द्वारा पुस्तकालय के मौजूदा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने में मदद मिल सके। इसके अलावा, ई-जागरूकता बढ़ाने, विचारों-सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा युवाओं में पढ़ने की आदतों को विकसित करने के लिए एक विशेष डिजिटल अनुभाग (पावरग्रिड ज्ञान केन्द्र) का निर्माण किया जायेगा। पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र के माध्यम से होने वाले इस प्रोजेक्ट पर करीब 94.60 लाख रुपये की लागत आयेगी।

इस समझौते पर पावरग्रिड के वरि. महाप्रबन्धक (सी.एस.आर.) विनायक चौहान और एचएमएचपीएल की सचिव पूनम पाराशर झा ने हस्ताक्षर किए। पावरग्रिड के मुख्य प्रबंधक यू.सी त्रिवेदी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि दिल्ली के चांदनी चौक के केन्द्र में स्थित हरदयाल म्यूनिसिपल हैरिटेज पब्लिक लाइब्रेरी का सबसे पुराना सार्वजनिक पुस्तकालय है, जो सार्वजनिक उपयोग के लिए मुफ्त सुविधाएं देता है।

यहां रीडिंग सेक्शन का उपयोग करने वाले लोगों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। पुस्तकालय में हिंदी, अंग्रेजी उर्दू, अरबी, फारसी और संस्कृत में 1.70 लाख से अधिक पुस्तकों का अनूठा संग्रह है।

यहां कम से कम 8 हजार दुर्लभ पुस्तकों के संग्रह के साथ दुनिया के बहुत कम पुस्तकालयों में से एक है। पुस्तकालय की सबसे पुरानी पुस्तक ब्लॉक-प्रिंटेड है।




**पावर ग्रिड ने नई दिल्ली की हरदयाल म्युनिसिपल हैरिटेज पब्लिक लाइब्रेरी से सीएसआर समझौता किया है। इस एमओयू पर विनायक चौहान और पूनम पाराशर झा ने हस्ताक्षर किये।**

# सार-समाचार

## हॉस्टल में युवती से दुष्कर्म की आशंका

**जयपुर**। मानसरोवर इलाके स्थित एक हॉस्टल में युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। एसीपी मानसरोवर हरिशंकर (आईपीएस) ने बताया कि मूलतया भरतपुर जिला निवासी 31 वर्षीया युवती इलाके स्थित एक हॉस्टल में पिछले दो माह से रह रही है। वह यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। उसका आरोप है कि 10 जनवरी की रात हॉस्टल वार्डन महेश, कुक संगीता और उसके पति सुरेंद्र ने खाने में कुछ नशीला पदार्थ मिला दिया, जिससे वह बेहोशी की हालत में हो गई। इसके बाद उसके दुष्कर्म होने की आशंका है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज पीड़िता का मेडिकल करवाया है और मामले की जांच शुरू की है। मालवीय नगर और सांगानेर सदर इलाके में दो किशोरियों से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मालवीय नगर इलाके में 17 वर्षीया किशोरी के साथ ऋतिक ने दुष्कर्म किया, जबकि सांगानेर सदर इलाके में 14 साल की पीड़िता से साकिर अली ने दुष्कर्म किया। पुलिस जांच में जुटी है। इधर भट्टाबस्ती थाने में नाबालिग के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि पड़ौसी इम्तियाज ने नाबालिग बेटी से दोस्ती की और एक दिन वीडियो कॉल पर उसका नग्न वीडियो बना लिया। इम्तियाज ने बेटी से शारीरिक संबंध बनाने के लिए जोर डाला, जब बेटी ने मना कर दिया तो उसका अश्लील वीडियो वायरल कर दिया।

## होटल में कॉन्ट्रैक्टर की संदिग्ध मौत

**जयपुर**। बनीपार्क स्थित होटल जयपुर हाउस में एक कमरे में गुरुवार सुबह लेबर कॉन्ट्रैक्टर की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। वहीं एफएसएल टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए हैं। थानाधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि मृतक दिनेश गुप्ता (44) विजयबाड़ी, मुरलीपुरा का रहने वाला था। वह लेबर कॉन्ट्रैक्टर था। बुधवार शाम करीब 4 बजे इलाके स्थित होटल जयपुर हाउस में रूम नंबर 201 में एक युवती के साथ ठहरा था। युवती रात करीब दस बजे चली गई। इसके बाद गुरुवार सुबह कमरे में गए कर्मचारी को दिनेश का शव बैड पर पड़ा मिला। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके से शराब की खाली बोतल, गिलास और मृतक का एटीएम कार्ड बरामद किया है। मौत अत्यधिक शराब पीने से होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के नाद ही पूरा खुलासा हो सकेगा।

## किसान को लूटने वाले हरिद्वार से दबोचे

**जयपुर**। भांकरोटा इलाके में हुई किसान से लूट के मामले में पुलिस ने आखिरकार 17 दिन बाद दो लुटेरों को हरिद्वार से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित इतने शातिर है कि वारदात के बाद ही मोबाइल से दूरी बना ली थी। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई राज्यों की हजारों किलोमीटर की दूरी नाप करीब 250 होटलों में दबिश दी। डीसीपी (वेस्ट) ऋचा तोमर ने बताया कि 20 दिसंबर को कृषि कार्य के लिए बैंक से 7 लाख रूपए निकाल कर ले जा रहे किसान मंगल चौधरी के साथ सुनसान जगह पर दो बदमाशों ने मारपीट के बाद लूट की थी। मामले में आरोपी बदमाश शैलेन्द्र गोस्वामी (23) निवासी करौली और ओमवीर सिह (32) निवासी वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर को हरिद्वार से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद बापर्दा गिरफ्तार किया गया है।

## विधायक निवास में घुसी महिला पकड़ी

**जयपुर**। बजाज नगर इलाके में एमएलए क्वार्टर स्थित विधायक आवास में चोरी की नियत से घुसी एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार महिला निशा शर्मा (40) नवलगढ़, झुंझुनू की रहने वाली है। उसके खिलाफ विधायक राजकुमार शर्मा के पीए सुमित कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 19 जनवरी की दोपहर महिला निशा चोरी के मकसद से क्वार्टर संख्या एम-16, में घुसी और जब उसे रंगे हाथों पकड़ा तो हंगामा कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और महिला को गिरफ्तार किया।

## 23 मेडिकल दुकानों के लाइसेंस निलंबित

**जयपुर**। जयपुर जिले में औषधि नियंत्रण संगठन ने कार्रवाई करते हुए मेडिकल की 23 दुकानों के लाइसेंस 2 से एक महीने तक निलम्बित कर दिए हैं। इनमें एक कोटपूतली की दुकान भी शामिल है। वहीं 3 दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए हैं।

## जलमहल में गिरे युवक की मौत

**जयपुर**। ब्रह्मपुरी इलाके में गुरुवार देर शाम जलमहल में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया मृतक की शिनाख्त आमिर (25) पुत्र अनवर उर्फ़ टीटी निवासी रामनगर, शास्त्रीनगर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है गृहक्लेश के चलते उसने जलमहल में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच में जुटी है।


## युवक का मोबाइल छीना

**जयपुर**। ट्रांसपोर्ट नगर में बदमाश एक युवक का मोबाइल छीन ले गए। जामडोली निवासी कपिल सिंह 18 जनवरी की दोपहर रोटरी सर्किल से पैदल जा रहा था। तभी पीछे से आए दो लड़के मोबाइल छीन ले गए।

# हसनपुरा से 80 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को हटाकर झालाना के जंगल में लगाया

## निगम के उद्यानविज्ञ रविन्द्र सिंह की टीम ने किया सफल प्रत्यारोपण

**जयपुर** (कासं)। हसनपुरा की राय कॉलोनी के मंदिर से करीब 80 वर्ष पुराने विशालकाय पीपल के वृक्ष को हटाकर नगर निगम की उद्यान शाखा ने झालाना के जंगल में लगाया। नगर निगम के उद्यानविज्ञ रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में करीब 20 कार्मिकों की टीम ने यह सफल प्रत्यारोपण किया। जीवनदायी प्राणवायु देने वाले इस वृक्ष को बचाने की मुहिम में सृष्टि फाउंडेशन के संस्थापक विवेक शर्मा ने भी मदद की। उद्यानविज्ञ एवं उपायुक्त रविन्द्र सिंह ने बताया कि इस वृक्ष को सुरक्षित झालाना के जंगल तक ले जाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। 14 टन वजन उठाने वाली दो हाईड्रोलिक क्रेन, जेसीबी और बड़े ट्रेलर की मदद से इसे जंगल तक लेकर गये। जहां उद्यान टीम ने इस वृक्ष का सफल प्रत्यारोपण किया। उन्होंने कहा कि करोना महामारी के दौर में प्राणवायु का संकट हम सभी ने देखा है। ऐसे में इस विशाल वृक्ष को सुरक्षित



हसनपुरा की राय कॉलोनी से हटाकर झालाना तक लेकर गये, जहां नियमित रूप से इसका रखरखाव किया जायेगा। ताकि यह पुन: हरा-भरा होकर जयपुरवासियों को ऑक्सीजन दे।

# "बची खुची कांग्रेस" डिजीटल मोड पर है : आनंद शर्मा




**जयपुर**। भाजपा के मीडिया सम्पर्क विभाग ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय मे कार्यभार संभाला। प्रदेश संयोजक आनन्द शर्मा, सह संयोजक रामप्रकाश चौधरी एवं अरविंद सिसोदिया ने संपर्क विभाग का कामकाज संभाला।

प्रदेश संयोजक आनन्द शर्मा ने कहा कि भाजपा मे विभागों, प्रकोष्ठों की संरचना से पार्टी को हर क्षेत्र, हर वर्ग मे मजबूती मिलती है। चुनाव आयोग समन्वय विभाग, कार्यालय निर्माण, डाक्यूमेंटेशन, चुनाव प्रबंधन विभाग, आपदा राहत, कानूनी विधिक, पॉलिसी रिसर्च, मिडिया विभाग या मीडिया संपर्क विभाग एवं अन्य विभागों से पार्टी कार्यकर्ता निर्माण से लेकर जन-जन तक राष्ट्रवादी विचारधारा पहुंचाने का काम करती है। आनंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के खत्म होने का कारण संगठनात्मक कमजोरी है, कांग्रेस केवल चुनावी पार्टी है और बची खुची कांग्रेस वर्तमान में केवल डिजिटल मोड पर है। उसका ज्वलंत उदाहरण है राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, जो राजस्थान की ओर चुनावी वादो के बाद झूठे आश्वासन के पश्चात मुंह नहीं फेरते है।

# 'जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड' द्वारा ओबीसी अभ्यर्थियों की नियुक्तियों में भारी अनियमितता?

## राजस्थान हाईकोर्ट ने "इस अनियमितता" के संदर्भ में कॉरपोरेशन से कई बार जवाब मांगा, परंतु फिर भी कोई जवाब नहीं दिया गया

- यादवेन्द्र शर्मा -

**जयपुर**। राजस्थान हाई कोर्ट ने "जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड" के प्रबंध निदेशक से कंडक्टरों की नियुक्तियों में अनियमितताओं के आरोप के संदर्भ में विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं। अदालत ने अपने आदेश में आगे कहा है कि अगर प्रबंध निदेशक का जवाब अनुचित व असंतोषजनक पाया गया तो अदालत प्रबंध निदेशक व अन्य सभी अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी।

न्यायाधीश सुदेश बंसल की एकलपीठ ने इन्द्रकुमार योगी व अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिये। इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद पैरवी के लिए पेश हुए थे। मामले के तथ्य के अनुसार वर्ष 2012 में "जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड" ने कंडक्टर के पद के लिए परीक्षा आयोजित करने के लिए विज्ञापन जारी किया था।

**■ अन्ततोगत्वा हताश होकर अदालत ने आदेश दिए कि अगर कॉरपोरेशन ने नियुक्तियों में अनियमितताओं के संदर्भ में तीन हफ्ते के भीतर स्पष्ट जवाब नहीं दिया तो, सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।**

"जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड" के सी.एफ.ओ. ने इस मामले में अपने जवाब में बताया कि परीक्षा के बाद सामान्य वर्ग को 421 सीटों के लिए कट-ऑफ 78 प्रतिशत तय की गई थी। परंतु ओ.बी.सी. वर्ग के संदर्भ में कट-ऑफ के मुद्दे पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया।

इस मामले में याचिका में कहा गया है कि इस कारपोरेशन को सामान्य वर्ग की कट-ऑफ से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को केवल "जनरल कैटीगरी" में ही डालना चाहिए था, चाहे इनमें "फॉरवर्ड जाति" के साथ ओ.बी.सी. जाति के अभ्यर्थी ही क्यों न हो। याचिकाकर्ता का कहना है कि कॉरपोरेशन को ओ.बी.सी. वर्ग के लिए अलग से कट-ऑफ बनानी चाहिए थी, जिसमें ओ.बी.सी. वर्ग के उन अभ्यर्थियों को चुना जाना चाहिए था, जो सामान्य वर्ग की कट-ऑफ जितने अंक नहीं प्राप्त कर पाये थे। याचिकाकर्ता का आरोप है कि कॉरपोरेशन ने उन ओ.बी.सी. जाति के अभ्यर्थियों से ओ.बी.सी. वर्ग के लिए आरक्षित सीटों को भरा है, जिन्होंने सामान्य वर्ग की कट-ऑफ से अधिक अंक प्राप्त किये हैं, जबकि इन अभ्यर्थियों को "जनरल" सीटों के लिए चुना जाना चाहिए था। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि इस गैरकानूनी चयन प्रक्रिया से कई ओ.बी.सी. वर्ग के अभ्यर्थियों को उनके लिए आरक्षित सीटों का लाभ नहीं मिल सका।

गौरफरमाने योग्य है कि अदालत द्वारा इस कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक से कई बार स्पष्टीकरण मांगा, परंतु उनकी ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। अदालत ने इस मामले पर कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी देते हुए, प्रबंध निदेशक से तीन सप्ताह में अपना जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# 'राहुल गांधी से लेकर अशोक गहलोत तक कांग्रेस नेता देश के विपरीत भाषा बोलते हैं'

**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि, ब्रह्माकुमारीज के वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की ताकत, लोकतंत्र, सद्भाव, एकता और देश की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। दूसरी ओर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आदतन अपने ही देश के खिलाफ, अपने देश की व्यवस्था के खिलाफ, प्रधानमंत्री की निंदा की आड़ में भूल जाते हैं कि वह देश पर सवाल खड़े करते हैं। अहिंसा और लोकतंत्र की बात करते-करते गहलोत भूल जाते हैं कि 70 वर्षों की राजनीति में कांग्रेस को 50 वर्षों तक शासन करने मौका मिला, जिसमें उन्होंने लोगों को जाति, पंथ और मजहब में बांटने का कार्य किया। आपातकाल से लेकर अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग कांग्रेस के कार्यकाल में हुआ, जब कांग्रेस नेता विश्व मंच पर देश की आलोचना करते हैं तो उनका आचरण एंटी नेशनल लगता है।



## International Playdate Day

If you're one of those people who believe that kids should go outside more often then this is the holiday for you. International Playdate Day is all about scheduling and making time for your kids to grow by playing outside. With the way technology is today, it's easy for kids to get caught up in their games. This holiday aims at bringing children and parents together through the act of playing and inspiring kids' imaginations.



#COVID-19

# Global Trust Amidst Pandemic

Policies introduced to contain outbreaks including restrictions, testing, and contact tracing, mitigated the perceived threat of the virus and reduced the public's sense of vulnerability and uncertainty.



In a week when the UK Prime Minister Boris Johnson has admitted to breaking Covid-19 lockdown rules, a new study has found that impartial, transparent and truthful government communications are fundamental for achieving and maintaining government trust during public health emergencies.

The research, led by the University of Portsmouth, found that in public health emergencies, governments must be accountable, act quickly, and establish frank and timely dialogue with the public to encourage trust, co-operation, and alleviate fear, says a report in the British Journal of Management.

Professor Jia Liu from Portsmouth Business School, Dr Yasir Shahab from Xijing University, and Hafiz Hoque from The University of York explored how well the public trusted government to take appropriate measures to combat public health emergencies, and how this trust might impact them in preventing the spread of Covid-19.

The study, published by the British Journal of Management, analysed global data from the International Coronavirus Survey made up of 111,196 respondents across 178 countries between 20 March and 8 April 2020. This research provides the first global evidence that integrated government response policies in conjunction with containment health measures and economic relief are crucial to winning public trust and support.

The researchers found that the effectiveness of these measures and restrictions depended on cooperation from individuals, founded in public trust.

Professor Jia Liu said: "Trust has been researched extensively, in different settings from diverse perspectives, however government measures and how they impact public trust have not been studied on a global scale, nor in the context of a public health emergency.

"We investigated what factors determined public trust when governments undertook counteractive measures at the outset of the Covid-19 pandemic, providing vital insights for managing the crisis and its aftermath.

"We found that individuals are positively influenced by the fairness, effectiveness and accountability of government agencies, plus public information campaigns. Honest communications keep citizens informed, help them to understand the pandemic, prevent scepticism and strengthen trust in government."

Policies introduced to contain outbreaks including restrictions, testing, and contact tracing, mitigated the perceived threat of the virus and reduced the public's sense of vulnerability and uncertainty. Economic support for employees and businesses also increased public trust, relieving fears that individuals would be unable to survive financially during the pandemic. These measures demonstrated a commitment from governments to meet citizens' expectations to safeguard their health and their wellbeing.




Researchers found that containment of the disease was hugely impactful on public trust in government. Countries that enforced strict restrictions, including China, were found to have an increased sense of public trust, as they enabled effective containment of the virus from the outset. However in places that did not strictly enforce lockdowns and restrictions, such as Sweden, public trust was seen to decrease. The government's hands off approach, suspension of contact tracing and delays in government responses all contributed to this shared distrust.


While restrictions initially increased public trust, the more they went on the further they impacted people's social freedoms causing stress, anxiety and even resentment, provoking rebellious behaviour, and sparking a distrust in the government.

Countries who have experienced previous public health emergencies including SARS and Swine Flu, were found to be far more compliant in the effort to prevent the spread of Covid-19. Government and the public had learnt from previous crises, reconfigured their welfare systems, and become more equipped to counter pandemics, including making citizens aware of the need to have severe restrictions placed upon them in times of crisis.

Professor Jia Liu said: "To overcome the global nature of the crisis and stimulate economic recovery, nations must work together openly and honestly with politicians, indicating unprecedented levels of mutual trust.

"The *we are all in this together* mantra must never be forgotten and the spirit of communitarianism must become the coordinated international responses to pandemic."

"The creation of such a global alliance will empower countries in struggles against all future public emergencies, including threats to mankind posed by global warming."



Sheikh Mujib said that Mr Bhutto kept pressing him to enter into negotiations to retain some link, no matter how tenuous, between the two Pakistani regions. "I told him I had to know one thing first - that I am free or not?" Sheikh Mujib said. "If I am free, let me go. If I am not, I cannot talk." "You are free," he quoted Bhutto's saying, "but I need a few days before I can let you go." Despite the promise of freedom, Sheikh Mujib said, he did not discuss substantive matters with Mr Bhutto. At another point when Bhutto had been contending that the two wings were still united by law and tradition, Sheikh Mujib - reminding him that the Awami League won a national majority in the last election, the results of which were never honoured - said "Well if Pakistan is still one country, then you are not President and Chief Martial Law Administrator. I am."





Release of Bangabandhu (...2)

# ...And A Nation Was Born

#SANJAY-UVACH



Maj Chandrakant Singh VrC (Retd)
*Military Historian*

At a later date what Sheikh Mujib told Schanberg was repeated by him to another very famous journalist, Gavin Young, of the London Observer. Gavin Young was present in Dacca during the war and was witness to the surrender negotiation between General Niazi and General Jacob, and also attended the famous lunch hosted by Niazi, about which mention was made in the Indian Parliament as the cause of delay in the signing of the surrender document.

About the Bhutto-Mujib meeting Gavin Young writes that Sheikh Mujib told him that Bhutto shamelessly tried to play the religious card with a hope to reunite the two counties and asked him to become the prime minister of a reunited Pakistan. At the same time blocking recognition of Bangladesh as an independent country and its entry into the Commonwealth and United Nations. Mujib told Gavin Young, "If Bhutto tries his tricks again I will take over Pakistan and rename it Bangladesh."

Confirming to Gavin Young that he was not joking about Bhutto, Mujib said, "But wait. You think I am joking about Bhutto but no. If he tries again to stop us from joining the Commonwealth by insisting that East and West Pakistan are legally one nation, I could say 'all right, but I am the majority leader since I won the election. You are only president at the whim of the army, so democratically, I am the prime minister of Pakistan. I will appoint my people all over your provinces."

वही चिकित्सक व चिकित्सा कर्मियों द्वारा बरती गई लापरवाही की शिकायत पर करीब आधा दर्जन से ज्यादा चिकित्सक चिकित्सा कर्मियों को कारण बताओ नोटिस थमाया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों द्वारा सरकार की मंशा अनुरूप मरीजों को दिए जाने वाले पूरे प्रोटोकॉल की पालना कर मरीज को निशुल्क जांच दवा योजना का लाभ देने एवं बडी से कार्य व्यवहार संतोषप्रद रखने की हिदायत दी गई.. खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकित्सा कर्मियों की ली गई बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अगर अगली बार किसी भी चिकित्सा कर्मी के खिलाफ कार्य में लापरवाही एवं कार्य व्यवहार की शिकायत प्राप्त होती है तो उसे सीधा एपीओ किया जाएगा.. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में जिस चिकित्सा कर्मी या चिकित्सा अधिकारी की रात्रि कालीन ड्यूटी लगाई जाए वह उस समय वहां मौजूद होना चाहिए.. बैठक के दौरान चिकित्सा कर्मियों को सेवा समय के दौरान गणवेश में रहने एवं चिकित्सालय के बाहर नहीं जाने हिदायत देते हुए कहा कि कई बार शिकायत प्राप्त होती है कि चिकित्सा कर्मी अस्पताल में नहीं मिलने के कारण मरीज इधर-उधर भटकते रहते है। शर्मा ने कहा कि संस्थागत प्रसव की संख्या भी कम है उसे बढ ाया जाए एवं स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को तुरंत उपचार प्रदान किया जाए। बैठक के दौरान आरटीपीसीआर टेस्ट को सावधानीपूर्वक कर उसके कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने के निर्देश दिए। वही जांच लैब में आवश्यक सामठाी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वही खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बैठक के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया। इस दौरान सीएचसी परिसर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जहां चिकित्सा अधिकारी मीठा लाल मीणा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए भी अवगत कराया गया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने सहित अन्य व्यवस्थाओं को जल्द ही सही करने के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी एक्शन मीणा को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान चिकित्सा अधिकारी मीठा लाल मीणा, डॉ नवल गुप्ता, डॉ गिरजा मीणा, डॉ बनवारी लाल जाट सहित अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे।

### सरदार मल पिंगोलिया चेयरमैन

**अचरोल, (निसं)।** आमेर पंचायत समिति में उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव ग्रामीण विकास व पंचायत राज विभाग के आदेश अनुसार बुधवार को स्थाई समितियों के चुनाव संपन्न हुए।

आमेर विकास अधिकारी राजबाला मीणा के निर्देशन में चुनाव संपन्न हुए। जिसमें अचरोल पंचायत समिति सदस्य सरदार मल पिंगोलिया को निर्विरोध चेयरमैन बनाया गया। ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए पिंगोलिया का अंबेडकर विचार मंच समिति की तरफ से अंबेडकर सर्किल पर माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला सचिव कांग्रेस व पूर्व पी एस मे बर श्रवण लाल बेनीवाल , अंबेडकर विचार मंच प्रदेश सचिव मोहन लाल पहाडिया, कांग्रेस महासचीव गुरू प्रसाद बुनकर, बद्री प्रसाद मीणा, धर्मेंद्र बुनकर, प्राध्यापक जगदीश प्रसाद बुनकर, प्रेमचंद बेनीवाल, अनुराग सांखला , राधेश्याम बुनकर, चौथमल गुर्जर , रामचद्र बारोलिया, जगदीश प्रसाद कुम्हार, बद्री प्रसाद मीणा, रहीस खान, रमजान खान,घनश्याम सैन, किशन कुमार कुमावत, मोनू सैन, सी एम गुर्जर, जगदीश प्रसाद बारोलिया, ताराचंद बारोलिया, फूलचंद पिंगोलिया, अनिल कुमार सैन मौजूद रहे।

# पानी निकासी की समस्या का हल कराने के लिए 12 घंटे चली कार्रवाई बेनतीजा



**किशनगढ़बास के गंज रोड पर गंदगी से नाले लबालब भरे हुए है।**

- **एसडीएम के निर्देश पर पालिका ने गंज रोड पर हटाया अतिक्रमण, नालों से नहीं निकला पानी**

**किशनगढ बास, (निसं)।** शहर के गंज रोड पर अवरुद्ध हो रही गंदे पानी निकासी की समस्या को लेकर एसडीएम के निर्देशन में पालिका की ओर से सुबह से देर रात तक चली अतिक्रमण हटवाकर नालों की सफाई का कार्य ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ करने वाला रहा। करीब 12 घंटे चली कार्रवाई के बाद भी पालिका अवरुद्ध हो रही पानी निकासी की समस्या का हल नहीं ढूंढ पाया।

पार्षद की शिकायत पर करीब दो माह पहले नगर पालिका ने गंज रोड पर अतिकर्मियों को नोटिस जारी किए थे। नोटिस की कार्रवाई के बाद से ही अधिशासी अधिकारी छुट्टी पर है। आदर्श कॉलोनी राजकीय बालिका विद्यालय आदि कॉलोनियों के लिए जाने वाले रास्ते में पानी भरने से लोगों का आवागमन बंद होने पर पार्षद मीनाक्षी मनोज मित्तल ने कॉलोनी वासियों के साथ एसडीएम से समाधान कराने की मांग की इस पर एसडीएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर पालिका को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देश पर गुरुवार को नगर पालिका ने गंज रोड पर गंज रोड पर जगह जगह नालों पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाया लेकिन देर रात कार्यवाही तक भी अवरुद्ध हो रही पानी निकासी का हल नहीं निकल सका। नगरपालिका के सामने सबसे बडी चुनौती दुकानों के नीचे बने नालों को साफ कराने की है। नगर पालिका दुकानों के नीचे बने नालों की सफाई कर आती है तो करीब 2 दर्जन से अधिक दुकानें टूटती है। गंज रोड पर रह रहे लोगों का कहना है कि जब तक दुकानों के नीचे से नालों की सफाई प्रशासन नहीं कराएगा तब तक गंज रोड के पानी निकासी की समस्या का निदान नहीं हो सकता है। लोगों का कहना है कि पहले भी अनेकों बार प्रशासन की ओर से गंज रोड पर पानी निकासी की अवरुद्ध हो रही समस्या के निदान के लिए प्रयास किए जा चुके हैं लेकिन हर बार राजनीतिक दबाव के चलते दुकान के नीचे बने नालों की सफाई का कार्य रुक जाता है। देखने वाली बात यह है कि दुकानों के नीचे बने नालों की सफाई हो पाती है या फिर इस बार भी पहले की तरह छोड दिया जाता है यह बात लोगों की जुबान पर चर्चा का विषय बनी हुई है। एसडीएम ओमप्रकाश सहारण का कहना है कि गुरुवार को पार्षद मीनाक्षी मनोज मित्तल के नेतृत्व में गंज रोड पर अवरुद्ध हो रही गंदे पानी निकासी की समस्या को लेकर मिले थे जिस पर नगर पालिका को समाधान कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# प्रशासन की बेरुखी से प्याज की फसल बर्बाद, आत्महत्या को मजबूर किसान



**बारिश में भीगने से प्याज की फसल ख़राब हो गई।**

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र के राजस्व ग्राम मोरडी की ढ ाणी में प्रशासन की बेरुखी के चलते किसान की खून पसीने की मेहनत से की गई प्याज की फसल बर्बाद हो गई। इससे किसान आत्महत्या करने को मजबूर है।

कस्बे के मोरडी की ढ ाणी निवासी धानसिंह गुर्जर ने करीब 2 बीघा जमीन में प्याज की फसल की बुवाई की थी। फसल पककर तैयार होने के बाद राजस्व रिकार्ड में कट रहे रास्ते पर अतिक्रमण के चलते राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के आस में किसान की कटी हुई फसल करीब एक महीने तक खेत में पडी रही। बारिश में भीगने से फसल ख़राब हो गई। पीडित किसान की प्याज की फसल ख़राब होने से करीब 2 से ढ ाई लाख रूपये का नुकसान हुआ है। उनके द्वारा 16 दिसम्बर को कस्बे में प्रशासन गाँवों के संग शिविर में तहसीलदार को रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र देने के बाद तहसीलदार द्वारा 13 जनवरी को अतिक्रमण हटाना प्रस्तावित था। प्रशासन के गोलमोल व ढ ीले रवैये के चलते किसान की फसल ख़राब हो गई लेकिन अब भी प्रशासन द्वारा एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आजतक रास्ते का अतिक्रमण नही हटाया गया। वही पीडित किसान धानसिंह को उम्मीद थी की वह जनवरी माह में उनके द्वारा बैंक से लिया गया ढ ाई लाख रूपये का ऋण चुका देगा लेकिन प्याज की फसल ख़राब होने से किसान की ऋण चुकाने की उम्मीद भी अब टूट गई। पीडित किसान को बैंक के क़ानूनी सलाहकार वकील के द्वारा कर्जा चुकाने के संबंध में क़ानूनी कार्रवाई के लिए नोटिस दिया गया है। ऐसे में अब पीडित काश्तकार आत्महत्या करने को मजबूर है। इधर तहसीलदार रामचंद्र गुर्जर ने बताया की एलआर एक्ट 91 की कार्रवाई दर्ज हो चुकी है सुनवाई करके शीघ्र अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

## अज्ञात कारणों से महिला की मौत, शव मिलने से सनसनी

- **मृतका की शिनाख्त कल्ली देवी के नाम से हुई**

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय पुलिस को एसडीएम ऑफिस के पास बीती रात को सडक पर एक महिला का शव मिला है। जिससे सनसनी फैल गई।

थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि बुधवार की रात साढे 11 बजे पुलिस जवान बाईक पर गश्त करते हुए ने एसडीएम ऑफिस पहुंचे। जहां उनको सडक पर एक वृद्ध महिला का शव नजर आया। कांस्टेबलों की सूचना पर पुलिस मय जाप्ते के मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाषचंद्र मिश्रा और पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा को दी। तथा एफएसएल टीम को मौके पर बुलवाया। थोडी देर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाषचंद्र मिश्रा व पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

एफएसएल टीम ने घटनास्थल से कई सेम्पल लिए। पुलिस शव को लेकर सीएचसी पर आई और शव को मोर्चरी में रखवा दिया। शिनाख्त के लिए आसपास के सभी थानों में मृतका की फोटो भेज दी गई। गुरुवार को मृतका की शिनाख्त उसके परिजनों ने कल्ली मीणा पत्नी रामकरण मीणा उम्र 65 वर्ष निवासी मानपुरिया की ढाणी दत्तवास के रूप में की। थानाधिकारी ने बताया कि मृतका अपने पीहर बफलावतों की ढाणी दत्तवास में मिलने गई हुई थी। जहां से वह बुधवार की दोपहर को किसी देवस्थान पर जाने की बात कहकर पीहर से निकली थी।

कल्ली देवी की हत्या करने के मामले में उसके पुत्र लड्डूलाल मीणा ने एफआईआर दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर जानकारी मिली कि मृतका बुधवार की रात 11 बजे झिलाय पुलिया के पास दिखाई दी है। मौके पर मिले निशान और महिला के सिर में आई चोटों से हत्या होने की संभावना नजर आ रही है मृतका के साथ कोई लूट नहीं हुई है। क्योंकि कल्ली देवी के पैरों मे चांदी के कडे और कानों में सोने की बाली पहने हुए मिली है। गुरुवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# एसडीएम ने ई-मित्र सेंटरों पर की जांच, अनियमितता मिलने पर लगाई फटकार



**एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने ई-मित्र केन्द्रों का निरीक्षण किया।**

- **निर्धारित शुल्क से अधिक वसूलने की मिली शिकायत पर की कार्रवाई**

**किशनगढ बास/खैरथल, (निसं)।** एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने खैरथल में ई मित्र सेंटरों का आकस्मिक निरीक्षण किया और अनियमितता मिलने पर संचालकों को फटकार लगाई व ईमित्र पर मिली व्याख्याता की मोहर बरामद कर जप्त की। एसडीएम का मानना है कि ईमित्र संचालक द्वारा व्याख्याता की मोहर का गलत उपयोग कर ग्राहकों से पैसे वसूले जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान ग्राहकों ने अधिकारी से ईमित्र संचालकों द्वारा अधिक पैसे वसूलने की शिकायत की।

एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया गुरुवार को खैरथल मैं संचालित ईमित्र सेंटरों पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान के ईमित्र पर नवीनतम रेट लिस्ट,बैनर, ई मित्र का मूल प्रमाण पत्र चस्पा, अधिक राशि वसूली, आमजन को दी जाने वाली सेवाएं की जांच की गई। खैरथल अंबेडकर चौराहे स्थित नैतिक ई मित्र नागरिक सेवा केंद्र पर निरीक्षण के दौरान अधिकारी को व्याख्याता की मोहर मौके पर मिली जिसे जप्त किया। अधिकारी का कहना है ई मित्र संचालक द्वारा व्याख्याता की मोहर को गलत तरीके से उपयोग में लिया जा रहा था। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान सामने आया कि ग्राहकों से संचालक द्वारा अधिक शुल्क वसूली की जा रही थी।

इसके उपरांत एसडीएम झूलेलाल मंदिर समीप श्री कंप्यूटर ई मित्र पर पहुंचे तो संचालक दुकान से गायब मिला और वहां ठेके पर अन्य व्यक्तियों द्वारा संचालन करता पाया गया। एसडीएम ने मौके पर मौजूद ग्राहकों से बात की तो सामने आया की ई मित्र संचालक द्वारा ई श्रम कार्ड बनाने की एवज में निर्धारित राशि से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। हरसोली रोड स्थित ईमित्र पर अधिकारी ने पहुंचकर देखा तो कोविड-19 कि अनुपालना नहीं मिलने पर दो लोगों के चालान काटे और जुर्माना वसूला। एसडीएम ने बताया कि टीम गठित कर क्षेत्र में संचालित ही मित्रों का निरीक्षण किया जाएगा और अन्य में अनियमितता मिलने पर कियोस्क का लाइसेंस निरस्त करने हेतु कार्यवाही की जावेगी। एसडीम की कार्रवाई से क्षेत्र के ईमित्र संचालकों में खलबली मची है।

## अवैध शराब के 10 कार्टन के साथ एक गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा अवैध शराब बेचने व परिवहन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नवाब खान एवं वृताधिकारी शाहपुरा सुरेंद्र सिंह कृष्णियाँ के सुपरविजन में भाबरू थानाधिकारी अंतर सिंह के द्वारा पुलिस की एक टीम गठित की गई। गठित टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक जने को 10 कार्टन देशी व अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही एक बोलेरो को भी जप्त किया है। डीएसटी टीम के प्रभारी हेमराज मीणा ने बताया कि गस्त के दौरान सूचना पर थानाधिकारी अंतर सिंह ने पुलिस की टीम के साथ नाकाबन्दी करवाकर आरोपी शिवदयाल बावरिया पुत्र हनुमान सहाय जाति बावरिया उम्र 25 वर्ष निवासी टटेरा थाना क्षेत्र अजीतगढ़ को अवैध रूप से बिना लाइसेंस के अंग्रेजी व देशी शराब के 10 कार्टन के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## सार-समाचार

### मेहंदी तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता




**राजगढ , (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ की ओर से डॉ के.एम.मीना की अध्यक्षता मेंहदी तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में अंजना बैरवा एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रेरणा जोशी प्रथम स्थान पर रही। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रजनी मीणा ने बताया कि इस अवसर पर प्राचार्य डा.मीणा ने पढ ाई के साथ -साथ छात्राओं को महाविद्यालय से जुडी विविध गतिविधियों में भाग लेने का आव्हान करते व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक सुन्दर और रचनात्मक मेंहदी की डिजाइन बनाई।छात्राओं ने खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में भी बढ़ -चढ़ कर भाग लिया।डा.जगत सिंह मीणा,डा.संजय शर्मा, डॉ रचना जैन, डॉ रश्मि कुंद्रा इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक रहे। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजना बैरवा द्वितीय स्थान शिक्षा प्रजापति तथा तृतीय स्थान आशा गुर्जर और तनु शर्मा ने प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर में प्रथम स्थान प्रेरणा जोशी, द्वितीय स्थान प्रियंका सैनी और तृतीय स्थान पुष्पा कुमारी शर्मा ने प्राप्त किया।डा.अशोक मीणा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अच्छी आदत अभियान का शुभारंभ

**निवाई, (निसं)।** ममता हैल्थ इन्स्टीट्यूट फॉर मदर एण्ड चाईल्ड द्वारा अच्छी आदत अभियान के अंतर्गत निवाई शहर में आयोजित कोरोना आमजन जागरूकता अभियान को मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल ने सामुदायिक केंद्र से हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी के माध्यम से अच्छी आदत अभियान के अंतर्गत जिला एवं उपखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में दुकानदारो सहित शहर में ठेलों पर सामान विक्रेताओं तथा आम जनता को कोविड19 के बढ ते संक्रमण से जागरूक करने हेतु कोरोना समझाइश अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरूकता अभियान राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय से होते हुए पटेल रोडए बडा बाजारए गणगौरी बाजारए पुलिस थाने के सामने से होते हुए अहिंसा सर्किल पर पंहुचकर लोगों को मास्क वितरित किए तथा मास्क लगानेए बार.बार हाथ धोने तथा कोरोना गाइडलाईन के अनुरूप व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ममता संस्था के कार्यक्रम अधिकारी नरेश चतुर्वेदीए कम्युनिटी मोबिलाइजर राहुल गुप्ताए ललित गौतम, संस्था के क्लस्टर समन्वयक दयाशंकर मीणाए नवीन पारीकए शिप्रा शर्माए कविता भाखड़ीए ज्योति सेन, रेखा शर्मा एवं नेहरु युवा मंडल से भरत मीणाए एनवाईसी सीपी बैरवा एवं चंद्रभान सहित कई लोग मौजूद थे।

### बाइक चोरी की वारदात नाकाम



**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती प्रागपुरा शहर में बुधवार को एक बाइक चोरी की वारदात नाकाम हो गई। दरअसल बुधवार रात्रि को तकरीबन 11:22 बजे सामाजिक कार्यकर्ता व कांग्रेस नेता अमित सिंह चौहान के घर के भीतर खडी मोटर साइकिल को बाइक चोर चोरी कर ले गया लेकिन स्टार्ट नहीं होने पर मोटर साइकिल घर से दूर तकरीबन 1 किलोमीटर आसपुरा रोड पर लावारिस खडी मिली। वही चोरी की घटना की फुटेज घर मे लगे कैमरो मे कैद हो गई। पीडित ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में साफ साफ नजर आ रहा है कि चोर करीब 11 बजकर 22 मिनट पर गेट से अंदर आता दिख रहा है। वही तकरीबन सुबह 4 बजे पीडित को घटना का पता लगते ही बाइक को इधर उधर ढ ूंढ ा व सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो घटना का पता लगा व सुबह 6 बजे मोटरसाइकिल के घर से दूर आसपुरा रोड पर खडी होने के जानकारी मिली।ततपश्चात चोरी की घटना की जानका री पीडित अमितसिंह ने पुलिस को फोन कर जानकारी दी व पुलिस ने मौका देखा व सीसीटीवी फुटेज खंगाली, घटना की खबर मिलते ही विराटनगर विधायक श्री इंद्राज गुर्जर ने अमित सिंह से फोन कर जानकारी ली व पुलिस को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द कार्यवाही करे।

### राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद संपन्न

**निवाई, (निसं)।** वनस्थली विद्यापीठ में गुरूवार को राजस्थान के भू-विज्ञान विभाग द्वारा ऑनलाईन राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद 2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुऐ भू विज्ञान विभाग डीन डॉ. रश्मि शर्मा ने इस प्रतियोगिता को युवा वर्ग के लिए एक स्वर्णिम अवसर मानते हुए बताया कि पर्यावरण संसद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन चेतना में अपना योगदान प्रदान कर सकते है। इस अवसर को प्रदान करने एवं प्रोत्साहित करने हेतु विद्यापीठ के कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री एवं अध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री का आभार व्यक्त किया। डॉ. अंशुमान शास्त्री को भी इस कार्यक्रम के आयोजन की प्रेरणा देने हेतु संचालन समिति द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशिमा शर्मा एवं डॉ. प्रियंका आशिया के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 29 प्रतिभागियो ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णयाक प्रो. मोनिका जैन तथा डॉ. माण्डवी सिंह के द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर अवंतिका शुक्ला, वंशिका बंसल, कामिनी यादव, अनुप्रिया पाण्डेय, प्रियंका भट्ट, सुमना वित्तला, आयुषि बोर्डिया व आकृति सिंह कुशवाहा को चयनित किया गया है।

### स्थाई समितियों का गठन

**बहरोड, (निसं)।** पंचायत समिति बहरोड की स्थाई समिति के सदस्यों व उनके अध्यक्षों का चुनाव गुरूवार को किया गया। प्रशासन एवं स्थापना समिति की अध्यक्ष प्रधान सरोज यादव तथा सदस्य अमर सिंह यादव, अनुराधा, सुनील यादव, कर्मवीर यादव, राज इन्दु बाला को चुना गया। वित्त एवं कराधान समिति कि अध्यक्ष प्रधान सरोज यादव तथा सदस्य बाबूलाल यादव, सुमित्रा, सुनील यादव, बाला यादव, विकास एवं उत्पादन कार्यक्रम समिति की अध्यक्ष रोशनी रावत तथा सदस्य अजीत कुमार मेघवाल, कविता गुर्जर, कोमल देवी, अमर सिंह चुने गयें। शिक्षा समिति की अध्यक्ष मनीषा यादव तथा सदस्य सुनील यादव, बाबुलाल यादव, राज इन्दुबाला यादव, बाला यादव चुने गये। इस अवसर पर प्रधान सरोज यादव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बस्तीराम यादव एडवोकेट, अजीत सिंह ठेकेदार, नन्दराम ओला पूर्व प्रधान, बृजानन्द समाजवादी नेता, बेनी प्रसाद जोशी, मिठन्नलाल बोहरा, लीलाराम कल्याणपुरा, आदि काफी संख्यां में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 28 दुकानदारों के काटे चालान

**पावटा, (निसं)।** कोरोना से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंस का पालन करना और मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद कुछ लोग शहर में बिना मास्क के ही घूम रहे हैं। ऐसे लोगों पर गुरुवार को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ने कार्रवाई की। वही बिना मास्क के दुकान संचालित कर रहे 28 दुकानदारों के चालान काटे गए। वही बिना मास्क के घूम रहे लोगों के भी चालान काटे गए। वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ हरिनारायण ने बताया कि समझाइश के बाद भी लोग मास्क नहीं लगा रहे हैं। जबकि मास्क लगाने से स्वयं भी सुरक्षित है और दूसरे भी। नपा ने बिना मास्क के घूमने वालों पर कार्रवाई शुरू की है। गुरुवार को पावटा सुभाष चौक, होली चौक, घंटाघर चौक बाजार सहित शहर के मुख्य बाजार और मुय मार्गों पर कार्रवाई की। हिदायत देते हुए 100 रु. का चालान काटा। एसडीएम राजवीर सिंह ने बताया बिना मास्क लगाए दुकान का संचालन करने वाले दुकानदारों पर यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों व दुकानदारों से स्वयं व दूसरों की रक्षा के लिए मास्क लगाना जरूरी बताया।

## संक्षिप्त

### वीरेंद्र गौतम उपाध्यक्ष मनोनीत



**निवाई, (निसं)।** भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर वीरेंद्र गौतम को मनोनीत किया है। दिनेश गौतम ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया व जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा की अनुमति से भाजयुमो के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने वीरेंद्र गौतम को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। वीरेंद्र के जिला उपाध्यक्ष बनने पर कई भाजपा नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया गया है।

### भामाशाह ने जरूरी सामग्री बांटी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम नावलाई के नंदघर पर भामाशाह द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को भामाशाह राम लाल सैनी, शंकरलाल सैनी, रमेश कुमार सैनी व जानादेवी के द्वारा आंगनवाडी पर पंजीकृत 3 से 6 वर्ष के बच्चों को स्वेटर, जुराब, ऊन की टोपी, मास्क, स्लेट, पेंसिल, कॉपी व पेन आदि भेंट किये गए। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाडी सुपरवाइजर आशा बुडानिया, स्कूल के प्रधानाध्यापक रामकरण सेठी, अध्यापक सुल्तान सिंह, राजेंद्र कुमार, आंगनवाडी कार्यकर्ता सुमन जांगिड, साहिका मनी देवी, आशा सहयोगिनी सुनीता देवी, संस्था के सहायक जिला समन्वयक हनुमान सिंह एवं हुमाना के कार्यकर्ता अमित कुमार आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर भामाशाहों द्वारा तीन बडी दरी भी आंगनबाडी केंद्र को भेंट की गई।

### अतिक्रमण कर मकान बनाने पर ज्ञापन

**टोंक, (निसं)।** एक महिला ने उसके पट्टे शुदा भूखंड पर 30 फिट के आम रास्ते में अतिक्रमण कर बनाएं जा रहे मकान को हटाने की मांग जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर की है। उर्मिला मीणा पत्नी राधेश्याम मीणा निवासी पीली तलाई टोंक ने जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि उसका पट्टा शुदा भूखंड 2 वाके आनंद विहार कॉलोनी कोटा बाईपास रोड पर स्थित है। जिसमें 30 फिट का आम रास्ता है, इस रास्ते में अतिक्रमी अहमद द्वाराम मकान बनाया जा रहा है और औलमा देने पर झगडा करने पर आमदा रहा है, आयुक्त नगर परिषद को भी शिकायत की जा चुकी है, पर कोई कार्यवाही नही की। जिस पर कार्यवाही कर आम रास्ते अतिक्रमण होने से रोका जाएं।

### जूली अलवर में ध्वारोहण करेंगे

**अलवर, (निसं)।** गणतंत्र दिवस समारोह 2022 का मुख्य समारोह 26 जनवरी 2022 के अवसर पर विभिन्न जिला मुख्यालयों पर ध्वजारोहण के लिए राज्य सरकार ने मंत्री व राज्य मंत्रियों को जिला सौंपा है। गहलोत मंत्रिमंडल में शामिल सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली अलवर में कोविड प्रोटोकॉल के तहत आयोजित समारोह में ध्वारोहण करेंगे। यह जानकारी सामान्य प्रशासन (गुप-2) विभाग के शासन सचिव ने आदेश जारी कर दी। मंत्री जूली ने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर का ध्यान रखते हुए राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### दो दिन पेयजल आपूर्ति बंद

**निवाई, (निसं)।** शहर में स्थित खंगारों के मोहल्ले में पहाड पर स्थित पेयजल टंकी के मरम्मत कार्य को लेकर 2 दिन पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता नितिन जैन ने बताया कि खंगारो के मोहल्ले में पहाडी पर स्थित पेयजल टंकी का मरम्मत कार्य किए जाएगा जिसको लेकर शुक्रवार एवं शनिवार को खंगारों के मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति बंद रहेगी।

### नशे में वाहन चलाते चालक गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शराब पीकर वाहन चलाते एक शराबी चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शराब पीकर वाहन चलाते जितेन्द्र सिंह पुत्र भंवर सिंह राजपूत निवासी भूदोली नीमकाथाना को गिरफ्तार कर स्वीफ्ट डिजायर कार जप्त की है।

### काविस की कार्यकारिणी भंग

**निवाई, (निसं)।** कांग्रेस विचारधारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जीएस मंजूनाथ नायडू के निर्देशानुसार टोंक-सवाई माधोपुर एवं दौसा जिले में संगठन की कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। यह जानकारी संगठन के प्रदेश सचिव बाबूलाल मीणा ने दी है।

# चिकित्सा इकाईयों के संचालन से स्वास्थ्य सेवाओं में मजबूती मिलेगी : पायलट




**पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने जिले के सबसे बड़े अस्पताल में 13.53 करोड़ की लागत से निर्मित अस्पताल की चार इकाईयों का लोकार्पण किया।**

**टोंक, (निसं)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने गुरूवार को जिले के सबसे बड़े अस्पताल में आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, इसे लेकर लगभग 13.53 करोड़ की लागत से निर्मित अस्पताल की चार इकाईयों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर सचिन पायलट ने कहा कि जिले के सबसे बड़े अस्पताल में इन चिकित्सा इकाईयों के संचालन से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने में मजबूती मिलेगी। यह अच्छी बात है कि कोरोना की तीसरी वेव में लोगों की संक्रमण के पश्चात रिकवरी जल्दी हो रही है। वे गम्भीर रूप से बीमार नहीं हुए है, लेकिन फिर भी हमें सतर्क रहने की जरूरत है। हर व्यक्ति को राज्य सरकार की कोविड बचाव व रोकथाम से संबंधित गाइडलाइन एवं कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करना चाहिए। पायलट ने सआदत अस्पताल में व्यवस्थाओं के सुधार को लेकर कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि अस्पताल में रोगियों एवं उनके परिजनों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं एवं मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिले।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, डीआईजी व पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश, नगर परिषद सभापति अली अहमद, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरारी लाल शर्मा, पीएमओ डॉ.बीएल मीणा, सीएमएचओ डॉ.अशोक कुमार यादव, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट दिनेश चौरसिया, सुनील बंसल, रामसिंह मुकुल, सलीम नकवी, डॉक्टर विक्रम सिंह गुर्जर, नईम अपोलो मौजूद रहे। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने आईसयू वार्ड व ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण करते हुए मीडिया से कहा कि वही पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रदेश की राजनीतिक निक्तियो को लेकर कहा कि अब आलाकमान को राजनीतिक नियुक्तियों में देरी नहीं करनी चाहिए है। कैबिनेट का विस्तार भी हो चुका है। आने वाले 22 महीनों बाद

- **'कांग्रेस सरकार को बनाने में सहयोग करने वालों को सम्मान जरुर होगा'**

विधानसभा चुनाव भी है। जिन्होंने कांग्रेस सरकार को बनाने में अपनी भागीदारी निभाई है उन्हें मान सम्मान जरुर मिलेगा। ऑक्सीजन प्लांट लगने से अब और मजबूती मिलेगी।उन्होंने उत्तरप्रदेश चुनाव को लेकर कहा कि भाजपा के मंत्री व विधायक अपनी ही पार्टी को छोड छोडकर भाग रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को उत्तरप्रदेश में रैलियां करनी पड रही है। उत्तरप्रदेश में भाजपा की अंतर कलह अब जगजाहिर हो चुकी है। आने वाले दिनों में उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी। पायलट ने अलवर की घटना को लेकर कहा कि घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार हो जाएंगे। जिसकी जांच भी चल रही है। कार्यक्रम के बाद सचिन पायलट कांग्रेस निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाता के घर जलपान के लिए गए।

## '10 वर्षों में दलित उत्पीड़न 45 प्रतिशत बढ़ा है'

**अलवर/जयपुर, (निसं)।** दलित संगठनों के साझा मंच-दलित शोषण मुक्ति मंच-डीएसएसएम के प्रांतीय सह संयोजक एवं राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ.रमेश बैरवा ने क्राइम इन राजस्थान श्रृंखला के तहत ऑनलाइन दिए व्याख्यान में बढते दलित उत्पीडन पर कडा आक्रोश एवं चिंता प्रकट की है।

डॉ.बैरवा ने बताया कि राजस्थान पुलिस की ताजा क्राइम रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2011 से लेकर 2021 तक के 10 वर्षों में राजस्थान में दलित महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं में 162 प्रतिशत की बढोतरी हुई है जोकि नागरिक समाज के लिए अत्यंत चिंता की बात है। सभ्य समाज को कलंकित कर रही है। पिछले 10 वर्षों में दलित उत्पीड़न के राजस्थान में दर्ज कुल प्रकरणों में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है,जबकि इसी अवधि में समस्त प्रकार के अपराधों में 29 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है। दलितों की हत्या के दर्ज मामलों में 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 से 2021 के तीन वर्षों में दलित उत्पीड़न की पुलिस में दर्ज शिकायतों में करीब 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# चमत्कारी कछुआ दिलाने के बहाने धोखाधड़ी की

- **श्रीमाधोपुर पुलिस थाने में दो जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** थाना इलाके में चमत्कारी कछुआ दिलाने के बहाने लाखों की धोखाधडी करने का मामला सामने आया है। पीडित को भरोसे में लेकर पैसे भी ले लिए और कछुआ भी नहीं दिया। पीड़ित ने पुलिस में मामला दर्ज करवा है।

जांच अधिकारी रामस्वरूप ने बताया कि पीड़ित भरत सिंह राजपूत निवासी भैंरूजी मोड़ रींगस ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके साथ कुछ लोग कछुआ दिलाने के बहाने 50 हजार रूपए व सोने-चांदी के गहने ले गए। ना तो कछुआ दिया और ना ही पैसे लौटाए। पीडित के अनुसार मक्खन बावरिया और सुमन बावरिया ने उसे घर में कछुए को रखना सुख समृद्धि के लिए फायदेमंद बताया। भरत सिंह को दो लाख रुपए में कछुआ दिलाने को कहा। दो लाख रुपए नहीं होने के कारण भरत ने 50 हजार रुपए नगद और सोने-चांदी के गहने देने की बात कही। सहमति बनने के बाद पीड़ित मुंडरु पैसे और गहने लेकर पहुंचा। जहां पर उससे पैसे और गहने ले लिये और एक थैला थमा दिया तथा कछुए को घर पर ही जाकर देखने की बात कही। भरत ने बीच रास्ते में थैला देखा तो उसमें कछुआ नहीं था। भरत ने आरोपियों को फोन किया तो उनका मोबाइल बंद मिला। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पहले विश्वास में लिया फिर चमत्कारी कछुए की बात कही भरत सिंह ने बताया कि डेढ महीने पहले मक्खन और सुमन बावरिया ने भैरूजी मोड़ पर उसकी दुकान किराए पर ली थी। फिर विश्वास में लेकर दो घंटे में चमत्कार दिखाने वाले कछुए के बारे में बताया।

पीड़ित ने उनकी बातों में आकर पचास हजार रुपए और दो सोने के बाजू, दो अंगूठी, दो कान के झुमके सहित सोने के कई आइटम आरोपियों को दे दिए। दोनों ने रुपयों को लेकर उसको मूंडरू भैरव बाबा तेजाजी के मंदिर के पास बिठा कर रखा दोनों ने एक थैला देते हुए कहा कि घर पर रख कर देख लो यह कछुआ मैं दो-तीन घंटे के अंदर ही आपको फायदा दिखाना शुरू कर देगा।

भरत सिंह यहां से बाइक पर वह कछुआ लेकर 2 किलोमीटर दूर चला और कछुए को संभाला तो वह गायब मिला उसके बाद मक्खन और सुमन बावरी अपने मोबाइल बंद कर फरार हो गए कुछ दिनों बाद फिर दोनों मिले तो रुपये व गहने वापस लौटाने के लिए टालमटोल करते रहे। इसके बाद दोनों ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित की दर्ज रिपोर्ट की जांच हेड कांस्टेबल रामस्वरूप कर रहे हैं।

भरत सिंह ने बताया कि घटना के बाद उसने अपने स्तर पर सुमन और मक्खन की तलाश की तो सामने आया की सुमन शातिर है और भेष बदलने में माहिर है। उसने ब्यावर और पाली में भी ठगी कर रखी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर ठगी के आरोपी शातिर महिला और उसके साथी की तलाश शुरू कर दी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया।

## मालपुरा पालिका में 10 माह में 8 ईओ बदले

**मालपुरा, (निसं)।** जनवरी 2021 में हुए नगरपालिका आम चुनाव के बाद फरवरी में भाजपा का बोर्ड बनने के बाद मालपुरा नगरपालिका को स्वायत शासन विभाग ने ईओ की प्रयोगशाला में तब्दील करते हुए 10 महिने में 8 अधिशाषी अधिकारी बदल प्रदेश में मालपुरा नगरपालिका को ईओ की प्रयोगशाला के रूप मे एक नई पहचान दी है।

वर्ष 2021 के अधिशाषी अधिकारी पदस्थापन बोर्ड पर नजर डाली गई तो सामने आया कि फरवरी से दिसम्बर 2021 के 10 महिने की समयावधि में राजूलाल मीणा, नमन शर्मा, सुरेन्द्र मीणा, अनिल झिंगोनिया, देशराज मीणा, नवरतन शर्मा का मालपुरा अधिशाषी अधिकारी के पद पर डेढ महिने के भीतर अनियंत्रित स्थानान्तरण हुआ। गुरूवार को निकली स्थानान्तरण सूची मे नवरतन शर्मा का स्थानान्तरण निवाई हुआ। स्थानान्तरण सूची मे निवाई अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी को मालपुरा पालिका ईओ के पद पर स्वायत शासन विभाग द्वारा स्थानान्तरण तो किया गया लेकिन महिमा डांगी के पदभार नही संभालने के चलते तत्कालीन ईओ ने जेईएन देशराज को कार्यभार ईओ के रूप मे चार्ज सौंप स्वंय रिलिव हुए।

## माईक्रोडोनेशन अभियान से जुड़े कर्नल राठौड़, जुड़ने की अपील

**जयपुर (निसं)।** भाजपा ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर विशेष सूक्ष्म दान (माईक्रो डोनेशन) अभियान की शुरूआत की है। पार्टी द्वारा अपने कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों को छोटा सा योगदान करने की अपील की गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड 1000 रूपये का माईक्रो डोनेशन कर इस अभियान से जुडे। कर्नल राज्यवर्धन ने आज सोशल मीडिया के माध्यम से जयपुर ग्रामीण के कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनता से इस अभियान से जुडने की अपील की। इस दौरान उन्होंने एक लिंक भी शेयर किया जिससे कोई भी व्यक्ति माईक्रो डोनेशन कर इस अभियान का हिस्सा बन सकता है।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा देश को आगे बढ़ाना हमारा मकसद है, इसमें हम सभी को भागीदार बनना है। देश का प्रत्येक नागरिक साथ मिलकर काम करेगा तो देश को मजबूती मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी जी और देश को मजबूती देने के लिए माईक्रो डोनेशन (सूक्ष्म दान) अभियान प्रारम्भ किया है जिसमें देश का कोई भी नागरिक स्वेच्छा से पांच रूपये से लेकर एक हजार रूपये तक का दान दे सकता है।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा मोदी जी की लीडरशिप में देश लगातार मजबूत बन रहा है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कांठोस ने जनता से झूठे वायदे कर प्रदेश में सरकार बनाई। मुख्यमंत्री के ट्वीट पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा दस तक की काउंटिंग करते हुए राहुल गांधी ने यह क्यों नही बताया की किस किसान का कर्ज माफ होगा, कितना होगा और किसका होगा ही नहीं। प्रदेश में कांठोस की सरकार बनने के बाद यह क्यों कहा गया कि आपने कर्ज माफ कर दिए। अब जनता के सामने सच आ रहा है तो कांठोस इसकी टोपी उसके सर वाली नीति अपना रही है।

# गाईडलाइन की पालना पर डीवाईएसपी ने फ्लैगमार्च किया

**मालपुरा, (निसं)।** कोरोना की तीसरी लहर के तीव्र गति से बढने को गंभीरता से ले राज्य सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन की पालना पर गुरूवार को डीवाईएसपी सुशीलमान थाना पुलिस टीम के साथ शहर मे पैदल गश्त कर गाईडलाईन उल्लघंन करते पाये गये लापरवाह लोगो के चालान काटे।

थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि डीवाईएसपी के निर्देशन मे की गई फलैगमार्च के दौरान 10 चालान सोशल डिस्टेंश व 1 चालान बिना मास्क व 5 चालान एमवी एक्ट मे काट जुर्माना वसुला गया।



**डीवाईएसपी सुशील मान ने पैदल गश्त कर गाईडलाईन उल्लंघन करते पाये गये लापरवाह लोगों के चालान काटे।**

डीवाईएसपी मान ने व्यापारी व आमजन से बिना जरूरी कार्य के घर से बाहर नही निकलने, मास्क का प्रयोग करने,सोशल डिस्टेंश रखने तो व्यापारियो से अपने प्रतिष्ठानो पर सैनेटाईज व मास्क रखने के साथ-साथ वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट दुकान पर चस्पा करने की अपील की। स्थानीय चिकित्सा विभाग द्वारा गाईडलाईन की पालना को लेकर शहर मे किसी प्रकार का कोई अभियान नही चलाने तथा ना ही कोई प्रचार-प्रसार करने के चलते स्वंय पुलिस अधिकारियो ने सडक पर उतर आमजन से गाईडलाईन की पालना किये जाने की अपील करते नजर आये।

## सार-समाचार

### छात्र रोहित सैनी का सम्मान



**पावटा, (निसं)।** ग्राम पंचायत लाडाकाबास स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अंतर्गत चयनित विद्यार्थी रोहित सैनी का सरपंच प्रतिनिधि मदन लाल यादव, एसएमसी अध्यक्ष कैलाश चंद यादव ने माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देखकर समानित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश बुनकर ने बताया कि विद्यार्थियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति दिलचस्पी बढाने के लिए केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रतिभाशाली एवं होनहार विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। जिसमें प्रथम किस्त 10 हजार रुपए बच्चे के खाते में जमा होते हैं तथा जिला स्तर पर चयन होने पर 40 हजार रुपए प्रोत्साहन के रूप में मिलते हैं। इस अवसर पर विद्यालय अध्यापक भैरू लाल बुनकर, सूर्यबाला धारीवाल, सुनीता कुमारी गुप्ता एवं सत्यनारायण शर्मा उपस्थित रहे।

### धमाके से टूटा 11 हजार केवी का तार

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम जाजोद में गुरुवार को आम चौक शिव मंदिर के पास सुबह 8:15 बजे तेज धमाके के साथ 11 हजार केवी लाइन का तार टूट गया गनीमत रही कि उस समय वहां कोई ग्रामीण मौजूद नहीं था अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने बताया कि इस आम रास्ते से दिनभर अनेक लोग गुजरते है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली का पोल झुका हुआ है जिसकी जानकारी विद्युत विभाग के कर्मचारियों को पहले भी कई बार दे चुके है। लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों की शिकायतों को नजरंदाज करते रहते है। उन्होनें बताया कि इस जगह पहले भी ग्यारह हजार केवी का तार टूट गया था। शायद विद्युत विभाग के कर्मचारीयों को किसी बडे हादसे का इंतजार है। विद्युत विभाग के कांसरडा फीडर इंचार्ज झाबरमल कुमावत को 8:30 बजे इसकी जानकारी दी गई थी जिन्होंने सप्लाई कटवाई। ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। विद्युत विभाग के कर्मचारी आने के बाद लाइन को दुरुस्त कर दोपहर करीब 12 बजे विद्युत सप्लाई सुचारू की गई।

### पंस चाकसू में कमेटियों का गठन



**चाकसू (निसं)।** पंचायत समिति सभागार में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी की मौजूदगी में स्थाई कमेटियों का गठन चुनाव के माध्यम से किया गया। जिसमें शिक्षा स्थाई समिति अध्यक्ष ललिता यादव, प्रशासन एवं स्थापना स्थाई समिति अध्यक्ष प्रधान उगन्ता चौधरी, वित्त एवं कराधान स्थाई समिति का अध्यक्ष मधु चौधरी, विकास कार्य पर्यवेक्षण एवं समीक्षा स्थाई समिति का अध्यक्ष अशोक वर्मा, तथा ग्रामीण जल प्रदाय स्वास्थ्य समिति का अध्यक्ष विमला देवी को निर्वाचित किया गया। एमपी निर्वाचन की घोषणा निर्वाचन अधिकारी उपखंड अधिकारी डॉ.गोरधन लाल शर्मा ने की इस दौरान विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने निर्वाचित अध्यक्षों को माला पहनाकर बधाई दी और विकास कार्य में मदद करने की अपील की साथ ही विश्वास दिलाया की विकास कार्यों में धन की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### कोटपूतली में 140 कोरोना पॉजीटीव

**कोटपूतली, (निसं)।** वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के बीच ब्लॉक में गुरूवार को 140 नये कोरोना पॉजीटीव मरीज सामने आये है। बीसीएमएचओ डॉ. रामनिवास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक में तीसरी लहर के दौरान अभी तक कुल 540 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजीटीव आ चुकी है। जिनमें से 363 मरीज एक्टिव है। वहीं गुरूवार को कोटपूतली में कोविड-19 की जाँच हेतु 219 लोगों के आरटीपीसीआर सैम्पल लिए गये है। गुरूवार को पॉजीटीव आये मरीजों में से तीन मरीज अन्य क्षेत्रों के है एवं एक मरीज की दूसरी जाँच रिपोर्ट भी कोरोना पॉजीटीव प्राप्त हुई है। 73 पॉजीटीव मरीजों की तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई है वहीं शेष केसों को ट्रेस किया जाना बाकी है।

### एनपीएस के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा, (निसं)।** न्यू पेंशन एम्पलॉय फैडरेशन ऑफ राजस्थान के नेतृत्व मे एनपीएस की विफलता को लेकर गुरूवार को लावा पंचायत मुख्यालय पर सभी विभागों के सरकारी कर्मचारियों ने संगठन के प्रदेशव्यापी हल्लाबोल आंदोलन के पांचवे चरण में ग्राम विकास अधिकारी रामअवतार पारीक को राजस्थान सिविल सेवा पेंशन नियम 1996 को लागू करने के लिए आगामी ग्राम सभा में प्रस्ताव लिये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मलिकपुर पंचायत मुख्यालय पर भी कार्मिको ने पीईईओ गणेश नारायण माहेश्वरी को ज्ञापन सौंपा गया तो बुढा देवल पंचायत मुख्यालय पर सरपंच प्रतिनिधि चन्द्रशेखर व ग्राम विकास अधिकारी रामलाल बैरवा को ज्ञापन सौंपा गया। कलमंडा मे कार्मिको ने सरपंच राजेश चन्देल को ज्ञापन सौंपा गया।

### कोरोना पॉजिटिव मिलने पर पावटा सेंट्रल बैंक बंद

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा में सेंट्रल बैंक की मुख्य शाखा में एक कर्मचारी के कोरोना पॉजिटिव मिलने पर हडकंप मच गया। कर्मचारी के कोरोना संक्रमित आने की सूचना मिलने के बाद बैंक को अगले तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। साथ ही बैंक के सभी 7 कर्मचारियों की कोरोना जांच कराई जायेगी। पावटा तहसील तहसीलदार मुकेश अग्रवाल का कहना है कि बैंक कर्मचारी के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद बैंक को सेनेटाइज करने के साथ सुरक्षा के आवश्यक कदम उठाने को निर्देशित किया गया है।

# रॉयल्टी दरे निर्धारित दरों से अधिक वसूली का आरोप, ज्ञापन दिया

**टोंक, (निसं)।** बजरी ट्रक ऑपरेटर्स वेलफेयर सोसायटी जयपुर ने रॉयल्टी नाका मोटूका व पक्के बंधे पर ठेकेदार द्वारा रॉयल्टी दरे निर्धारित दरों से अधिक वसूली कर लूट करने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री व अधिकारियों को ज्ञापन दिया है।

सोसायटी के अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, सचिव बनवारी लाल बैरवा, कोषाध्यक्ष दयाराम जाट, प्रचार मंत्री अजय चौधरी, हनुमान यादव, अजय चौधरी टोंक, सुमेरसिंह राजावत, प्रकाश जाट, पवन जैन, सीताराम चौधरी आदि ने जिला कलेक्टर, मुख्यमंत्री, माईंस एवं पेट्रोलियम विभाग के मंत्री, अतिरिक्त चीफ सचिव राजस्थान सरकार, पुलिस अधीक्षक टोंक, सहायक खनिज अधिकारी के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में सस्ती बजरी उपलब्ध कराने के लिए बजरी खनन से रोक हटाई है, मगर



**रॉयल्टी नाका मोटूका व पक्के बंधे पर ठेकेदार द्वारा रॉयल्टी दरे निर्धारित से अधिक वसूली कर लूट को लेकर ज्ञापन देने आए।**

रॉयल्टी नाका मोटूका व पक्के बंधे पर ठेकेदार द्वारा खुले रुप से नियमों की अवहेलना कर अधिक दरे वसूल कर ट्रक चालकों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बजरी खनन के लिए रॉयल्टी 50 रुपए टन तय है, परन्तु

- **50 रुपए टन तय, परंतु 650 रुपए टन वसूली जा रही है**

13 गुना अधिक रायॅल्टी 650 रुपए टन वसूली की जा रही है, जो खुली रुप से लूट है।

पूर्व में प्रशासन द्वारा 170 रुपए टन बजरी का सब खर्चे जोड कर तय की गई थी, बावजूद इसके इतनी अधिक रॉयल्टी वसूली का जा रही है, जिससे ट्रक चालकों को परेशानी हो रही है। देवली नाके से बजरी लाने वाले ट्रक को नगर परिषद टोंक के नाके पक्के बंधे पर रायॅल्टी वसूली की जा रही है, जो भी गलत है। उन्होंने मांग की है कि बजरी ठेकेदार द्वारा आमजन को सस्ती दर उपलब्ध कराने के लिए उचित दरे रॉयल्टी की तय की जा रही है और ट्रक चालकों व आमजन को राहत प्रदान की जाएं।

# बाधाओं को ताकत बनाकर आगे बढ़ेंगे तो लक्ष्य प्राप्त करेंगे : जूली


**अलवर, (निसं)।** टीकाराम जूली, मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ने गुरूवार को गांधीनगर स्थित राजकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास परिसर में 25 दिव्यांगजन को निःशुल्क स्कूटी वितरण किया। उन्होंने प्रत्येक दिव्यांगजन को पुष्पहार पहनाते हुए स्कूटी की चाबी सौंपी और मिठाई भी भेंट की।

जूली ने उपस्थित दिव्यांग बालक-बालिकाओं का हौसला बढाते हुए कहा कि वे बाधाओं को अपनी ताकत बनाकर आगे बढ़ेंगे तो कठिन से कठिन लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। उन्होंने स्कूटी के साथ हेलमेट भेंट करते हुए सभी को हेलमेट नियमित पहनने का भी आग्रह किया। श्री जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2020-21 के तहत प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में 2000 स्कूटी वितरित की जाएगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजन के हितों के



**मंत्री टीकाराम जूली ने पुष्पहार पहनाते हुए स्कूटी की चाबी सौंपी और मिठाई भी भेंट की।**

लिए सदैव प्रतिबद्ध है। सरकार ने दिव्यांगजन के लिए नौकरियों में आरक्षण बढ़ाया है तथा पदोन्नित में आरक्षण दिया गया है। सभी दिव्यांगजन को निःशक्तता प्रमाण पत्र ऑनलाइन मिलने की सुविधा शुरू की जा चुकी है। इससे अब तक करीब 3 लाख से ज्यादा दिव्यांगजन लाभान्वित हो चुके हैं।



सभी कॉमेंटेटर्स से अनुरोध है कि कृपया डेथ ओवर्स न कहें। या तो इन्हें स्लॉग ओवर्स कहें या फिर एंड ओवर। हम एक मुश्किल वक्त से गुजर रहे हैं। डेथ एक अच्छा शब्द नहीं है। आखिरी 10 ओवर्स बेशक बहुत अहम होते हैं लेकिन अगर ये टीम के हिसाब से नहीं जाएं तो कोई मरता नहीं है। -एल. शिवरामाकृष्णन

साथी कॉमेंटेटर्स से अपील करते हुए।




**आज का खिलाड़ी** लियोनल मैसी



**लियोनल** मैसी चिली और कोलंबिया के खिलाफ अर्जेंटीना के 2022 विश्व कप क्वालीफायर में भाग नहीं ले सकेंगे, क्योंकि वह कोविड-19 से उबर रहे हैं। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने यह जानकारी दी। यह सूचना अर्जेंटीना के कप्तान द्वारा चार सप्ताह मैदान के बाहर रहने के बाद अपने क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन के लिए ट्रेनिंग पर लौटने के एक दिन बाद आई है। अर्जेंटीना पहला क्वालीफायर 27 जनवरी को उत्तरी चिली के कैलामा में और दूसरा पांच दिन बाद मध्य अर्जेंटीना के शहर कॉर्डोबा में खेलेगी।

क्या आप जानते हैं ?... क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्मकथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक का है। इसका शीर्षक जेड है।

# ओकोनेल, इंगलिस ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में

### ऑस्ट्रेलियन ओपन

मेलबोर्न, 20 जनवरी। ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ियों क्रिस्टोफर ओकोनेल और मैडिसन इंगलिस ने गुरुवार को दूसरे दौर के अपने-अपने मैच जीत कर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। ओकोनेल ने जहां दूसरे दौर में अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को हराकर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की, वहीं महिला एकल में मैडिसन इंगलिस ने अमेरिका की हैली बैप्टिस्ट को हराया। ओकोनेल ने अर्जेंटीना के 13वीं वरीयता प्राप्त श्वार्ट्जमैन को लगातार सेटों में 7-6 (6), 6-4, 6-4 से हरा कर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि इंगलिस ने अमेरिकी क्वालीफायर बैप्टिस्ट को 7-6(4), 2-6, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

ओकोनेल ने मैच के बाद कहा, यह टेनिस कोर्ट पर अब तक का सबसे अच्छा अहसास है। इस तरह के पलों को देखना एक सपने के सच होने जैसा है। मैंने सिर्फ कठिन परिश्रम किया और प्रशंसकों की ऊर्जा का इस्तेमाल करने की कोशिश की, जो मैंने अतीत में ज्यादा नहीं किया है। मैंने सच में इसे स्वीकार कर लिया है और कोर्ट को जान लिया है। मुझे लगता है कि प्रशंसकों के उत्साह से मुझे पहला सेट जीतने में मदद मिली। इंगलिस ने जीत के बाद कहा, यहां मेलबोर्न में एक और जीत हासिल करना खास है। मार्गरेट कोर्ट (एरिना) पर खेलना सपना सच होने जैसा है। मैं सच में आभारी और भाग्यशाली महसूस कर रही हूं।

## सानिया, राम ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में

मेलबोर्न, 20 जनवरी। वर्ष 2022 के बाद खेल को अलविदा कहने वाली भारतीय स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा अपने अमेरिकी जोड़ीदार राजीव राम के साथ गुरुवार को शानदार जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत-अमेरिकी जोड़ी ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में प्रारंभिक दौर में एलेक्जेंड्रा क्रुनिक और निकोला कैसिक की सर्बियाई जोड़ी को 6-3, 7-6 से हराया। सानिया और राम का अगला मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त एन मेलिचर-मार्टिनेज और रॉबर्ट फराह या एलेन पेरेज और मैटवे मिडेलकोप की वाइल्ड कार्ड जोड़ी से होगा।

## एशिया कप में अहम होगा भारत का अनुभव : सविता

मस्कट, 20 जनवरी। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया ने गुरुवार को कहा कि एशिया कप में टीम का अनुभव उसके प्रदर्शन के लिए अहम कुंजी होगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत टूर्नामेंट में 21 जनवरी को मलेशिया के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट एफआईएच महिला विश्व कप 2022 के लिए एक क्वालीफाइंग इवेंट भी है। सविता ने कहा, ''इस टीम की सबसे अच्छी बात यह है कि हम में से कई लोग लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि यह अनुभव और टीम का आपसी तालमेल हमें अन्य टीमों पर बढ़त देगा।'' गोलकीपर ने कहा, ''हमारी मुख्य प्राथमिकता अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम बिना किसी गलती के हर टीम के खिलाफ अपने प्लान को लागू करें।''

# भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला

## दक्षिण अफ्रीका से दूसरा वनडे आज

